मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-2, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 209 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

13 जनवरी 2024 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

19 अधिकतम

13 न्यूनतम



Page- 7

### सोमनाथ से अयोध्या यात्रा को किया याद, मोदी का भी जिक्र

# अंततः राममंदिर पर आडवाणी बोले-नियति को यही मंजूर था

**नई दिल्ली , एजेंसी।** राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता व सोमनाथ से अयोध्या की रथयात्रा करने वाले लालकृष्ण आडवाणी ने अहम बात कही है। आडवाणी ने कहा कि नियति ने तय किया था कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनाया जाएगा और उसने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुना। उनका मानना है कि अयोध्या आंदोलन उनकी राजनीतिक यात्रा में सबसे निर्णायक और परिवर्तनकारी घटना थी जिसने उन्हें भारत को फिर से खोजने और इस प्रक्रिया में खुद को फिर से समझने का मौका दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आडवाणी ने राष्ट्र धर्म पत्रिका के एक लेख में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी





को भी याद करते हुए कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले उनकी कमी खल रही है। आडवाणी ने लिखा है कि रथ यात्रा को 33 साल पूरे हो गए। 25 सितंबर 1990 की सुबह जब हमने रथ यात्रा शुरू की थी, तब हमें नहीं पता था कि भगवान राम के प्रति जिस आस्था के साथ हम यह यात्रा शुरू कर रहे हैं, वह देश में एक आंदोलन का रूप ले लेगी। बताया जाता है कि 16 जनवरी को 76 साल पुरानी हिंदी पत्रिका राष्ट्र धर्म के विशेष संस्करण में प्रकाशित होने वाले अपने लेख में आडवाणी ने उल्लेख किया है कि मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरी रथ यात्रा के दौरान उनके साथ थे, तब वह बहुत प्रसिद्ध नहीं थे। लेकिन उसी समय भगवान राम ने अपने मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए अपने भक्त (मोदी) को चुना था। आडवाणी ने कहा उस समय मुझे लगा कि नियति ने तय कर लिया है कि एक दिन अयोध्या में श्री राम का भव्य मंदिर जरूर बनेगा। उन्होंने कहा खैर, अब यह केवल समय की बात है।

## रामभक्त हूं अंधभक्त नहीं, ठाकरे ने राष्ट्रपति को भेजा, नासिक में आरती का न्योता

**मुंबई , एजेंसी।** अयोध्या राम मंदिर को लेकर शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने कहा कि 'राम मंदिर बन रहा है और इससे सभी खुश हैं, लेकिन मैं देशभक्त हूं अंधभक्त नहीं। राम मंदिर बने ये मेरे पिता का भी सपना था और यह हम सभी के लिए खुशी की बात है। लेकिन प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शंकराचार्यों से चर्चा की जानी चाहिए थी।' ठाकरे ने बताया कि वह 22 जनवरी की शाम को गोदावरी नदी के तट पर आरती करेंगे। उन्होंने राष्ट्पति द्रोपदी मुर्मु को नासिक के कालाराम मंदिर में आरती का निमंत्रण पत्र भेजा है व कहा है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पूरे देश के लिए अहम है, इसलिए हम नासिक में स्थित ऐतिहासिक कालाराम मंदिर में आरती कर रहे हैं।



ज्ञात हो कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता मुर्मु को भी विहिप ने भेजा है। गौरतलब है कि प्राणप्रतिष्ठा में अयोध्या समारोह में चारों शंकराचार्यों के शामिल न होने को लेकर भी बहस जारी है। विपक्ष का दावा है कि शंकराचार्यों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बहिष्कार किया है।कथित तौर पर अधूरे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने और प्राण प्रतिष्ठा शास्त्रों अनुसार ना होने से शंकराचार्य नाराज हैं। हालांकि श्रृंगेरी मठ के शंकराचार्य ने किसी विवाद से इनकार किया है।

## शहडोल की नब्ज टटोलने पहुंचे सीएम यादव

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** मुख्मयंत्री मोहन यादव आज शहडोल संभाग की समीक्षा करने पहुंचे हैं। इससे पहले वे शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस में स्पोर्ट्स कंपलेक्स का लोकार्पण कर रहे हैं इसके बाद उनका रोड शो होगा जिसे जनआभार यात्रा नाम दिया गया है। वे एक समारोह में पिछड़ी जनजातियों को पोषण आहार अनुदान की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे तथा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन करेंगे। अपरांह चार बजे वे शहडोल में संभागीय स्तर की समीक्षा बैठक लेंगे।इसमे कानून व्ववस्था व विकास कार्यों पर अफसरों से बात की जाएगी।



### मोहन का एक माह: मंत्रालय का बदल रहा माहौल

# उत्तरायण में अब विजन के साथ इलेक्शन की कसौटी

**आशीष दुबे, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने अपने नये कामकाज का एक महीना आज पूरा कर लिया है। उन्होंने 13 दिसंबर को सीएम पद संभाला था,तभी से प्रशासनिक गलियारों में यादव की 'छाप' ढूंढी जाने लगी थीं। एक महीने में वे मप्र की नौकरशाही को कुछ महत्वपूर्ण संदेश देने में सफल हो गए हैं। पहला यह कि अफसर घुमा-फिराकर बात न करें,यानि जलेबी न बनाएं। दूसरी,विभागीय बैठकें समयसीमा में पूरी करें, प्रस्तुतिकरण संक्षिप्त व सारगर्भित हो, जनता से संवाद में सहजता हो। इसका पूरा असर सामने आने में कुछ समय और लगेगा,लेकिन तीस दिन में कम से कम चार महकमों पर तो उनकी छाप साफ नजर आने लगी है। यह महकमे अपने पिछले दौर की अपेक्षा अब ज्यादा अलर्ट और गतिशील हैं। यह हैं- नगरीय प्रशासन-आवास,राजस्व,उच्च शिक्षा और गृह। हिंदुत्व-आध्यात्म,मोदी विजन व इलेक्शन को लेकर उनका कांसेप्ट भी साफ है। अपने पूर्ववर्ती शिवराज के ड्रीम प्रोजेक्ट लाडली बहना पर उन्होने 'फिलहाल' तो नजरिया साफ कर दिया है। एक गौरतलब बात भी उन्होंने कही- अब दिन बड़े होते जाएंगे, यह उत्तरायण की शुरूआत है। जाहिर है, इसके सियासी मायनें भी ढूंढें जा सकते हैं।



मंत्रालय के माहौल पर जानकार सूत्र बताते हैं कि समीक्षाओं में यादव के निर्देशों में ज्यादा बारीकी नजर आती है। वे अक्सर अफसरों के जवाब पर प्रतिप्रश्न भी करते हैं यानि क्रास चैक। मसलन गृह विभाग की एक बैठक में जब एक सीनियर पुलिस अफसर उन्हें थानों की वर्किंग व निरीक्षण के बारे में तफसील से समझा रहे थे तो उन्होंने पूछा-क्या यह ध्यान रखा जाता है कि जब्ती में आया सोना बाद में पीतल तो नहीं बन रहा और जब्त वाहन का मालिक जब इसे छुड़ाता है तो नये टायरों की जगह पुराने घिसे टायर तो नहीं लगे मिलते? थानों में दर्ज मामलों का विवरण समझते हुए उन्होंने पूछा- इनमें थानेदार या हेडसाब द्वारा दर्ज कितने मामले फर्जी हैं, यह आप पकड़ पाते हैं? सूत्रों के मुताबिक एक बैठक में अफसर को उन्होंने यह पूछकर निरूत्तर कर दिया कि गांवों में नल से जल पहुंचा रहे हो तो टॉयलेट के सीवेज कनेक्शन जोड़ने की योजना बनी हैं? उल्लेखनीय है कि संभागों का प्रभार सीनियर आईएएस व आईपीएस अफसरों को सौंपकर नयी रवायत शुरू की है, हालांकि सूत्रों की मानें तो इस प्रयोग को लेकर वे खुद शुरू में पशोपेश में थे।


### मीटिंग,प्रेजेंटेशन व स्लाइड्स

मुख्यमंत्री यादव के कार्यकाल में मंत्रालय संस्कृति यह भी बदलाव नजर आया कि वे बैठकों को अधिकतम 40-45 मिनट चलाते हैं, कई बार अफसर को टोकते भी हैं कि यह लंबा हो गया है और रिपीट भी ! एक सूत्र का कहना है कि इससे पहले कांग्रेस के शासन में सीएम कमलनाथ के साफ निर्देश थे कि प्रेजेंटेशन 21 स्लाइड्स से ज्यादा का न हो। फिर शिवराज सरकार में प्रेजेंटेशन बड़े होने लगे थे। यादव ने थानों व राजस्व के नक्शे भी बदलने को कहा है। हालांकि यह वह काम है जो अफसर अब तक अपने स्तर पर शुरू कर सकते थे लेकिन किसी ने पहल नही की। नौकरशाही उनका मिजाज समझने की अब तक कोशिशों में है। क्योंकि आधा दर्जन से ज्यादा सीनियर अफसर बिना विभाग के महीनेभर से बैठे हैं और कुछ लूपलाइन भेजे गये हैं।

### लांचिग पैड मददगार

उल्लेखनीय है कि यादव ने छात्र नेता के तौर पर राजनीति की 'प्राथमिक पाठशाला' में लंबा वक्त गुजारा है, फिर वे उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भी रहे। अफसर भी मानते हैं कि इसी लांचिग पैड की बदौलत वे उच्च शिक्षा और नगरीय प्रशासन,नगर ग्राम निवेश, राजस्व से जुड़ी समस्या व गड़बड़ी पकड़ पा रहे हैं। बहरहाल गड़बड़ियों का आकाश बहुत व्यापक है और नौकरशाही की सुरंगे बहुत गहरीं, मोहन-माह के बाद मोहन-वर्ष आकलन व नतीजों का असल पैमाना बनेगा।

## 11 दिन से लापता मॉडल दिव्या की लाश मिली



**नई दिल्ली ।** पुलिस ने गुरुग्राम की मॉडल दिव्या पाहुजा की लाश बरामद कर ली है। शव की तलाश करने के लिए एनडीआरएफ का 25 सदस्यीय दल पटियाला पहुंचा था। दिव्या पाहुजा की लाश हरियाणा के टोहाना नहर से बरामद हुई। इस केस में पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार बलराज नाम के आरोपी से पूछताछ के बाद हरियाणा पुलिस को दिव्या पाहुजा की लाश बरामद करने में कामयाबी मिली। बलराज ने कहा था कि हत्या के बाद दिव्या की लाश हरियाणा के टोहाना नहर में फेंकी थी। बीती दो जनवरी को गुरुग्राम के द सिटी पॉइंट होटल में दिव्या की गोली मारकर हत्या की गई थी, वारदात को होटल मालिक अभिजीत सिंह ने अंजाम दिया था।

## मायावती को भेजा अयोध्या का मिला न्योता



**अयोध्या एजेंसी।** विश्व हिंदू परिषद ने बसपा प्रमुख मायावती को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण भेज दिया है। वीएचपी के मुताबिक मायावती ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है, लेकिन वह समारोह में शामिल नहीं होंगी। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा था कि उन्हें अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण नहीं मिला है। इस पर विहिप का कहना है कि दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों को प्राणप्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया था,यादव को कूरियर द्वारा निमंत्रण भेजा गया था, अगर उन्हें यह नहीं मिला है तो हम उन्हें दोबारा निमंत्रण भेज सकते हैं।

## अमेरिका ने हुती पर बरसाए बम

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सेना ने शनिवार की सुबह एक बार फिर से यमन के हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बमबारी की। इससे पहले अमेरिका ने कल भी ब्रिटेन की सेना के साथ मिलकर यमन में कई जगहों पर हूती विद्रोहियों के खिलाफ भीषण हवाई हमले किए थे। आज का हमला राजधानी सना में हूती विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया। अमेरिका ने अपने व्यापारिक जहाजों को कुछ दिनों तक लाल सागर से दूर रहने की सलाह दी है। अमेरिकी राष्ट्पति जो बाइडन ने हूतियों पर हवाई हमले की पुष्टि करते हुए ही कहा था कि अगर हूती विद्रोहियों ने व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना बंद नहीं किया तो उन पर फिर से निशाना बनाया जा सकता है।



## तेंदुए की सवारी करने वालों को सजा, जेल भेजा

**देवास।** पिछले दिनों जिले के इकलेरा माताजी गांव के पास तेंदुए की सवारी करने वाले युवकों को सजा दी गई है। दरअसल बीमारी की हालत में सुस्त तेंदुए को देख ग्रामीणों ने इसकी सवारी कर डाली थी और साथ में सेल्फी भी ली थी। इंटरनेट मीडिया पर इसका वीडियो पर जमकर प्रसारित हुआ था। तेंदुए की सवारी करने और हांकने के मामले में दो आरोपितों को टोंकखुर्द न्यायालय ने जेल भेज दिया है। वन मंडल अधिकारी का कहना है कि घायल अवस्था में तेंदुआ पाया गया था। उस दौरान कुछ लोगों द्वारा तेंदुआ को हांकने, सवारी करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो के आधार पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपितों की शिनाख्त की गई। वहीं तेंदुआ गंभीर बीमारी से करीब चार माह के उपचार के बाद ठीक तो हो गया, परन्तु अब तक शिकार नहीं कर पा रहा है।

## आज इंडिया के संयोजक का फैसला संभव, ममता ने किया किनारा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में गतिविधियां आज तेज हैं। गठबंधन के घटक दलों की वर्चुअल मीटिंग होनी है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक का अहम अजेंडा गठबंधन दलों के बीच एक आम सहमति से संयोजक का चुनाव करना है। इसे लेकर कांग्रेस नीतीश कुमार के नाम पर सहमत हो सकती है। इस वर्चुअल बैठक में 14 विपक्षी दलों के नेताओं के साथ आने की बात कही जा रही है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने बताया कि आज दोपहर गठबंधन नेता वर्चुअल बैठक करेंगे, जिसमें सीट बंटवारे और 14 जनवरी को मणिपुर के इंफाल के पास थोबल के पास से शुरू हो रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में भागीदारी, संयुक्त रैली सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। वहीं टीएमसी ने इस बैठक में भाग लेने में असमर्थता जाहिर की है।पार्टी की ओर से कहा गया है कि ममता बनर्जी पहले से ही किसी कार्यक्रम में व्यस्त है। वहीं बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने फिर ममता पर हमला किया और




कहा कि 'ये महिला राजीव गांधी और सोनिया गांधी के नेतृत्व में नेता बनीं हैं, मगर ममता कितनी बेईमान अहंकारी हैं कि जिन लोगों ने उसे राजनीति में खड़ा किया, वे उन लोगों को अहंकार दिखाती हैं। वे मोदी से वादा निभाना चाहती हैं इसलिए सीट शेयरिंग पर समझौता नहीं चाहती।'

## पालघर जैसा मामला बंगाल में टला,साधुओं की पिटाई

**कोलकाता एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में भीड़ द्वारा साधुओं की पिटाई करने से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भाजपा लगातार राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हमला बोल रही है। हालांकि, इस मामले पर टीएमसी अभी चुप है। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, 'ममता बनर्जी को अपनी चुप्पी पर शर्म आनी चाहिए। क्या आपके लिए इन साधुओं की कोई अहमियत नहीं है? हमें इस अत्याचार का जवाब चाहिए।' दरअसल 30 सेकेंड के वीडियो में साधुओं के एक समूह को भीड़ द्वारा निर्वस्त्र कर उन्हें पीटते हुए देखा गया है। मालवीय ने इस घटना की तुलना 2020 में पालघर में हुई घटना से की। उन्होंने कहा, %पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में बहुत ही चौंकाने वाला घटना सामने आई है। मकर संक्रांति के लिए गंगासागर जा रहे साधुओं के समूह को सत्तारूढ़ टीएमसी से जुड़े अपराधियों ने निर्वस्त्र कर पीटा।

**मेट्रो एंकर**

### मौसम का बदल रहा मिजाज, कई संभागों में धूप के साथ शीत लहर के आसार...

# सिस्टम मुक्त हुआ मप्र, कोहरे से भटक रहे कारवां

**नई दिल्ली/ भोपाल, एजेंसी।** मौसम में पिछले दिनों आया बदलाव अब लौट रहा है, बारिश का असर कम होने लगा है और धूप खिलने लगी है, हालांकि उत्तरभारत अभी सख्त शीतलहर की चपेट में है और मप्र में भी कुछ संभागों में कड़ाके की सर्दी पड़ने के आसार हैं। अभी ग्वालियर दतिया में तेज ठंड है। भोपाल में दिन व रात का तापमान बढा है। प्रदेश में वर्तमान में कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। हवाओं का रुख भी उत्तरी हो गया है। उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं के कारण प्रदेश में रात के तापमान में गिरावट होने का सिलसिला शुरू होने वाला है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, शनिवार को ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं शीतलहल की शुरूआत होगी। हालांकि भोपाल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं सुबह के समय हल्का कोहरा रह सकता है। उधर, प्रदेश में सबसे कम पांच डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में दर्ज किया गया। नौगांव सहित प्रदेश के नौ शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। हिल स्टेशन पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र का कहना है कि अरब सागर एवं बंगाल की खाड़ी से भी नमी आने का सिलसिला कम हो गया है। इस वजह से बादल छंटने लगे हैं और कोहरा भी कम होने लगेगा।



### कोहरा : मुरैना में 6 गाड़ियां टकराईं

हालांकि उप्र से सटे इलाकों में कोहरा व ठंड ज्यादा है। धूप के चलते दिन में टेम्प्रेचर में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। आज सूबह ग्वालियर-भोपाल समेत आधे प्रदेश में मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। मुरैना में नेशनल हाईवे - 44 पर जडेरुआ गांव के पास कोहरे की वजह से 6 गाड़ियां एक-दूसरे से टकरा गईं। अच्छी बात यह है कि जनहानि नहीं हुई, न ही किसी को गंभीर चोट आई।

### कोहरे से भटककर विमान पहुंचा बांग्लादेश

उधर मुंबई से विमान में सवार हुए लोगों को जाना तो गुवाहाटी था लेकिन वो बांग्लादेश पहुंच गए। दरअसल मुंबई से गुवाहाटी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6E 5319 को गुवाहाटी में खराब मौसम के कारण बांग्लादेश के ढाका में लैंडिंग करानी पड़ी। सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। अब यात्रियों को बांग्लादेश की राजधानी ढाका से गुवाहाटी पहुंचाने के लिए इंडिगो कंपनी दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था कर रही है। बताया गया कि गुवाहाटी में अत्यधिक खराब मौसम और कोहरे की वजह से पायलट को लैंडिंग में दिक्कत हुई जिसके बाद एटीसी ने विमान को बांग्लादेश की तरफ डाइवर्ट कर दिया। ढाका एटीसी ने तुरंत भारतीय विमान को लैंडिंग की अनुमति दी। विदेशी जमीन पर घरेलू विमान के उतरने की वजह से सभी यात्री विमान में ही बैठे रहे।

# गुलाब प्रदर्शनी





**भोपाल।** रोज सोसायटी तथा संचालनालय उद्यानिकी द्वारा गुलाब उद्यान में आयोजित 43वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी के तहत गुलाबों के गमलों की प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हुआ। पहले दिन 600 गमलों में 130 वैरायटी के गुलाब प्रदेशभर से आए। यह प्रतियोगिता छह ग्रुप में आयोजित की गई। इस दौरान जजों ने गमलों का निरीक्षण किया और 20 गुलाब की केटेगरी को चयनित प्रतियोगिता में शामिल किया। प्रतियोगिता में हाई ब्रीड टी रोज, फ्लोरीबंदा, मिनिएचर, पालिऐंथा, स्टैंडर्ड रोज और इंडियन रोज कैटेगरी में आयोजित की गई। अब इन प्रतियोगिता में शामिल गमलों के विजेताओं का परिणाम आज घोषित किया जाएगा, जिसका पुरस्कार वितरण उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह एवं विशिष्ट अतिथि वर्ल्ड फेडरेशन आफ रोज सोसायटी के कोषाध्यक्ष सुशील प्रकाश की मौजूदगी में किया जाएगा।

मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय

## 34 कोर्सों के संचालन की मिली अनुमति, जनवरी में प्रवेश कराने का मौका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय को यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन के डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी) से पाठ्यक्रमों के संचालन की अनुमति मिल गई है। भोज विवि को 34 कोर्सों के संचालन की अनुमति दी गई है। इसके बाद जल्द ही भोज विवि द्वारा एमपी ऑनलाइन के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अब विवि के पास जनवरी में प्रवेश कराने का मौका है।




दरअसल, भोज मुक्त विश्वविद्यालय को डीईबी ने अपनी लिस्ट से बाहर कर दिया था। आधा सत्र बीतने तक विवि को मान्यता नहीं मिल सकी थी। इसके चलते अभी विवि का आधा सत्र जीरो एडमिशन घोषित हो चुका है। पिछले पांच वर्षों से विवि प्रबंधन द्वारा नैक का एग्रेडेशन कराने का यूजीसी को एफिडेविट दिया जा रहा था। वर्तमान में नैक का निरीक्षण होने के बाद विवि को ए ग्रेड दे दिया गया है। अब तक प्रथम वर्ष के प्रवेश रोक लगने के कारण विद्यार्थी यूजी के प्रथम से द्वितीय और द्वितीय से तृतीय वर्ष और पीजी में द्वितीय वर्ष में विद्यार्थी एडमिशन ले चुके हैं। अब चूंकि यूजीसी ने मुक्त विश्वविद्यालयों को एक सत्र में दो बार प्रवेश कराने की व्यवस्था की हुई है। इसमें जुलाई और जनवरी में प्रवेश दिए जाते हैं। विवि प्रबंधन की लापरवाही से जुलाई में जीरो प्रवेश रह गए हैं।

**34 कोर्सों की मिली अनुमति:** 34 कोर्सों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, सामान्य शिक्षा, विशेष शिक्षा, बीसीए, लाइब्रेरी और इनफार्मेशन साइंस में बैचलर डिग्री, जर्नलिज्म में बैचलर डिग्री के साथ-साथ नवीन पाठ्यक्रम साइबर सिक्योरिटी में बीएससी को संचालन की अनुमति मिली है। इसके साथ ही मास्टर डिग्री पाठ्यक्रमों में जंतु विज्ञान, अर्थशास्त्र, हिंदी, भौतिक, रसायन शास्त्र, गणित, वनस्पति विज्ञान, सूचना तकनीक, समाजशास्त्र, समाज कार्य, राजनीति शास्त्र, भूगोल, अंग्रेजी और पत्रकारिता के साथ-साथ साइबर सिक्योरिटी में मास्टर डिग्री पाठ्यक्रम की भी मान्यता मिली है। विवि को एमबीए और मैटेरियल मैनेजमेंट में एमबीए, साइबर सिक्योरिटी लॉजिस्टिक और सप्लाई चैन मैनेजमेंट, ऊर्जा प्रबंधन और इवेंट मैनेजमेंट में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को भी संचालन की अनुमति प्रदान की है।




भोपाल। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर जय हिंद सेना ने किया चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन।

## अवैध आंचल बाल गृह के मामले में 20 बच्चियों हुए बयान दर्ज



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में हाल ही बाल आयोग के निरीक्षण के बाद सामने आए अवैध आंचल बालगृह के मामले में जांच जारी है। बाल आयोग के निरीक्षण के दौरान बालगृह में नहीं मिली 26 बच्चियों के बयान और काउंसलिंग कराए हैं। बाल कल्याण समिति द्वारा कराई अब तक 20 बच्चियों के बयान दर्ज कर काउंसलिंग कराई गई है।

### निरीक्षण के दौरान नहीं मिली थी 26 बालिकाएं, बाकी 6 को भी बुलाया

शुक्रवार को 11 बच्चियां बाल कल्याण समिति के कार्यालय अपने अभिभावकों के साथ पहुंची। इसके पहले गुरुवार को 9 बच्चियों के बयान दर्ज किए गए थे। बाकी 6 बच्चियों को अभिभावकों के साथ बुलाया गया है। बता दें कि यह 26 बच्चियां बाल आयोग के निरीक्षण के वक्त 26 बच्चियां हॉस्टल में मौजूद नहीं थीं। बाद में जांच में सामने आया कि यह बच्चियां पहले ही हॉस्टल छो? चुकी हैं। हालांकि, इनके नाम अब तक रजिस्टर में मौजूद हैं।

स्ट्रीट डॉग द्वारा 21 लोगों के काटने की घटना की जांच के निर्देश

## शहर में स्ट्रीट डॉग नियंत्रण के लिए क्या प्रयास किए, ब्यौरा तलब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला शहर के एमपी नगर जोन वन स्थित प्रेस कॉम्प्लेक्स में एक स्ट्रीट डॉग द्वारा 21 लोगों के काटने का है। मामले में आयोग ने सीएमएचओ और नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। साथ ही नगर निगम द्वारा स्ट्रीट डॉग के नियंत्रण के लिए क्या प्रयास किये गये है कि जानकारी भी मांगी है।



### बदमाशों का उत्पात

भोपाल शहर के कमला नगर इलाके के नेहरू नगर चैराहे के पास डी-सेक्टर मे बेखौफ बदमाशों द्वारा घरों के सामने खड़ी कारों में तलवारों, पत्थर, लोहे की राड़ से तोड़फोड़ करने के मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल से मामले की जांच कराकर इस प्रकार की घटनाओं के निवारण हेतु की गई कार्यवाही के संबंध में 15 दिन में जवाब मांगा है।

एमपीआरडीसी के संचालक मंडल की बैठक

## सड़कों के निर्माण की योजना बनाते हुए शहरों की सुंदरता का रखें ध्यान: सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सड़को के निर्माण की योजना बनाते हुए शहरों की सुंदरता का ध्यान रखें। जन आकांक्षाओं अनुरूप और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर सड़क निर्माण की योजना बनाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में एमपीआरडीसी के संचालक मंडल की बैठक ले रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दो स्थानों के बीच दूरी और सफर का समय कम हो, इसे ध्यान में रखकर नए वैकल्पिक मार्ग की तलाश करें।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड के संचालक मंडल ने निगम द्वारा किए गए कार्यों का प्रेजेंटेशन दिया। संचालक मंड द्वारा लाए प्रस्तावों पर चर्चा कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वीकृति और आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव वीरा राणा, प्रमुख सचिव लोक निर्माण श्री सुखवीर सिंह, संचालक मंडल के सदस्य, प्रबंध संचालक एमपीआरडीसी अविनाश लवानिया सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्राकृतिक चिकित्सा के गुर सीखने आए साधक

आरोग्य केन्द्र में 10 दिवसीय शिविर हुआ शुरू

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र में 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर श्रृंखला' में शुक्रवार से दस दिनी शिविर की शुरूआत हुई, जिसमें विभिन्न स्थानों से साधकगण अपक्वाहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योगा, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज से स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों से राहत की उम्मीद लेकर आए हैं। शिविर में शिविरार्थियों को प्राकृतिक उपचार, योग, उपवास एवं अपक्व आहार, रसाहार, फलाहार के माध्यम से स्वस्थ रहने की कला सिखाई जाएगी।



शिविर के पहले दिन पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा किया गया। इसके बाद शुभारंभ व्याख्यान रेजिडेंशियल मेडिकल ऑफिस डॉ दिनेश यादव ने दिया। यादव ने कहा कि शिविर का उद्देश्य है बिना दवा तंदुरूस्ती पाना। शिविर में आप अपने शरीर का शुद्धिकरण कैसे करें वो सीखेगें। शरीर का शुद्धिकरण होना बहुत ही आवश्यक हैं इसलिए इस शिविर का नाम ही ÷रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर÷ रखा गया है। इस शिविर में आप ऐसी कला सीखेंगें जिससे आप सुखमय व स्वास्थ्यमय जीवन पा सकें।

मेट्रो एंकर

स्वामी विवेकानंद बनकर स्कूल आए सैकड़ों बच्चे

# युवा दिवस:संतनगर के स्कूलों में हजारों बच्चों ने किया सूर्य नमस्कार

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस पर शुक्रवार को संतनगर के स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। बच्चे स्वामी विवेकानंदजी का परिधान पहनकर स्कूल आए।

**सूर्य नमस्कार किया:** मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में विवेकानंद जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष सिद्धभाऊजी ने अपने संदेश में 'उठो, जागो और तब तक नहीं रूको, तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाए' के मूल मंत्र को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। संस्था सचिव एसी साधवानी ने भी विचार रखे। बच्चों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार किया।





**हर रोज योग की सीख:** साधु वासवानी स्कूल में विवेकानंद जयंती पर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने विवेकानंद बने विद्यार्थियों को प्रणाम किया। साथ ही हर योग करने और अपने शरीर को फिट रखने की सीख दी। कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा नियमित योग करने के फायदे बताए। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### बच्चे बने विवेकानंद

दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में विद्यालय के 350 विद्यार्थी स्वामी विवेकानन्द के स्वरूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा थे। विधायक रामेश्वर शर्मा, सचिव बसंत चेलानी, पार्षद राजेश हिंगोरानी, जीव सेवा संस्थान के संचालक महेश दयारामानी व अन्य अतिथियों ने परंपरागत तरीके से कार्यक्रम की शुरूआत की।




### यहां भी हुए आयोजन

- अनंदराम टी. शाहानी कन्या विद्यालय एवं सिंधु माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में स्वामी विवेकानन्द जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। स्कूल बच्चे विवेकानंदजी की वेशभूषा धारण कर आए। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।
- ज्वाला कान्वेट स्कूल चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने स्वामीजी के चित्र बनाए और उन पर श्लोक लिखें। प्राचार्य राज बतरा ने अपने विचार रखे।
- लाइफ लाइन स्कूल में विवेकानंद जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य किरण वाधवानी ने विवेकानंद जी के जीवन परप्रकाश डाला। चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया।
- चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल गांधी नगर में विवेकानंद जयंती पर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। प्राचार्या प्रिया जैन शर्मा विवेकानंदजी के व्यक्तित्व को रेखांकित किया।

# जनजातीय सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मध्यप्रदेश



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

## आहार अनुदान योजना

मुख्यमंत्री

**डॉ. मोहन यादव**

द्वारा

**1.94 लाख**

जनजातीय बहनों को

**पोषण आहार**

के लिए

**₹29.11 करोड़**

का अंतरण एवं

**विकास कार्यों का लोकार्पण**

13 जनवरी, 2024 - अपराह्न 12:30 बजे

पॉलिटेक्निक ग्राउंड, शहडोल



**डॉ. मोहन यादव,** मुख्यमंत्री

> "मध्यप्रदेश का जनजातीय समाज प्रदेश की पहचान है, यह समाज स्वस्थ रहे, पोषित रहे, यह सरकार की ज़िम्मेदारी है। इनके पोषण, स्वास्थ्य और बेहतर जीवन के लिए समर्पित होकर कार्य करना हमारी प्राथमिकता है ताकि इनका आने वाला कल उज्ज्वल हो।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



- जनजातीय क्षेत्रों में **पेसा नियम** लागू
- **मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना** से जनजातीय ग्रामों में सीधे पहुंच रहा राशन
- **आहार अनुदान योजना** में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया एवं सहरिया परिवार की महिला मुखिया को प्रतिमाह रु.1500
- **वन अधिकार अधिनियम** के तहत 2 लाख 70 हजार वनाधिकार दावे मान्य
- प्रदेश के सभी जनजातीय विकासखण्डों में **सिकल सेल उन्मूलन मिशन** लागू
- **जनजातीय क्षेत्रों में बस्तियों का विकास** - विद्युतीकरण, पम्पों का ऊर्जीकरण, पेयजल आपूर्ति एवं अन्य बुनियादी निर्माण कार्य
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए **94 सीएम राइज़ स्कूल** संचालित
- 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, 81 कन्या शिक्षा परिसर एवं 8 आदर्श आवासीय **विशिष्ट विद्यालय**
- जे.ई.ई., क्लेट, नीट आदि राष्ट्रीय परीक्षाओं के लिए प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं में कोचिंग के लिए **आकांक्षा योजना**
- छात्रावास में प्रवेश नहीं मिलने पर उच्च शिक्षा के लिए **आवास भत्ता**
- **विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना** में उच्च शिक्षा के लिए प्रति वर्ष 50 युवाओं को लाभांवित करने का लक्ष्य
- विशेष पिछड़ी जनजाति जिलों में **कौशल विकास केंद्र** संचालित
- जनजातीय युवाओं के लिए **भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोज़गार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण** जैसी योजनाएं संचालित

D-11168/23

**सीधा प्रसारण** Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

**मध्यप्रदेश शासन**

### सुविचार

''अगर जिंदगी में सुकून चाहते हो तो फोकस अपने काम पर दो लोगों की बातों पर नहीं..!''

– अज्ञात

## संपादकीय

# सीटों का बंटवारा बनेगा बड़ा पेंच

इस बार लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ भाजपा के खिलाफ मजबूती से उतरने के मंसूबे दिखा रहा विपक्ष का सबसे बड़ा गठबंधन इंडिया सीटों के बंटवारे के दौरे में आकर कमजोर लगने लगा है। सीटों के बंटवारे की बहुप्रतीक्षित बातचीत शुरू हो गई है, जिसमें हमेशा की तरह गलतफहमियां और अड़चनें सामने आने लगी हैं। शुरुआत से ही स्पष्ट है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में विपक्ष का कैसा प्रदर्शन रह सकता है, यह बहुत हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि सीटों का बंटवारा कितना सटीक हो पाता खास बात यह है कि 'इंडिया' के लिए चुनौतीपूर्ण मुद्दों में अयोध्या का राममंदिर भी शामिल होगा। यह मामला चुनाव में निश्चित तौर पर प्रभावी भूमिका में आ सकता है। ऐसे में कांग्रेस समेत विपक्ष को साफ शब्दों में यह बात भी मतदाताओं के गले उतारने की चुनौती रहेगी कि वे अयोध्या के कार्यक्रम में क्यों गए या नहीं गए। वैसे तो 'इंडिया' के नेता अक्सर कहते हैं कि वे 'भाजपा को करारा जवाब' देने के लिए एक साथ हैं लेकिन मतदाता भाजपा को जवाब से ज्यादा एक स्पष्ट संदेश चाहते हैं। हाल में चूंकि कांग्रेस ने यह ऐलान कर दिया है कि वह आमंत्रण के बावजूद राम मंदिर लोकार्पण व प्राणप्रतिष्ठा में नहीं जाएगी, तो कांग्रेस के परंपरागत वोटर्स व समर्थकों के बीच भी मिश्रित प्रतिक्रियाएं हैं। बड़ा वर्ग मान रहा है कि कांग्रेस को इस समारोह में जाना चाहिये था। बहरहाल यह बात तार्किक रूप से अब कांग्रेस को लोगों के बीच ले जाने व गले उतारने की मजबूरी है। हालांकि उसने अधूरे मंदिर व चारों पीठ के शंकराचार्यों द्वारा भी कार्यक्रम में नहीं जाने की बात कही है। बहरहाल, इंडिया सीट शेयरिंग पर लौटें तो पश्चिम बंगाल में बातचीत की शुरुआत में ममता बनर्जी ने कांग्रेस को लोकसभा की दो सीटें ही ऑफर कीं। जबकि ममता इन दिनों ईडी अधिकारियों पर हमले के नए सनसीखेज मामले के बीच आरोपों का सामना कर रही हैं। उधर, केरल और जम्मू-कश्मीर में कड़ी बातचीत चल रही है। महाराष्ट्र में एमवीए ने दावा किया कि 'हर सीट का फैसला हो गया है'। एनसीपी और शिवसेना में टूट के बाद अभी भी स्थिति अनिश्चित है और कांग्रेस को वहां जोर लगाने की जरूरत होगी। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस सभी सीटों के लिए अपना होमवर्क कर रही है। चुनौती यह है कि वे अपने क्षेत्रीय नेताओं को केंद्रीय नेतृत्व के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए राजी करें, खासतौर पर उप्र, बिहार, पंजाब और दिल्ली में, जहां क्षेत्रीय पार्टियां मजबूत हैं। आम आदमी पार्टी कमजोर तो लग रही है तथा उनके कुछ मंत्री जेल में हैं, इसके बावजूद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कड़ा रुख अपनाएंगे। इन सभी के बीच कांग्रेस उन तीन राज्यों में भाजपा के खिलाफ सीधे लड़ रही है जहां वह दिसंबर के विधानसभा चुनावों में हार गई थी। अब पार्टी को उम्मीद है कि राहुल गांधी की 14 जनवरी से शुरू हो रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा कुछ चुनावी फायदा दिलाएगी।मगर महत्वपूर्ण यही है कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करे तथा सभी घटक दल सीट बंटवारे के लिये अधिकतम सहमति बनाने की कोशिश जल्द करें, क्योंकि सत्तारूढ भाजपा उनके समक्ष एक बड़ी चुनाव मशीनरी की तरह है जो केंद्र व राज्यों में जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है।

# इस वर्ष भी जारी रह सकते हैं अच्छे नतीजे, अनुकूल हैं राजनीतिक और आर्थिक हालात

**अजय बग्गा**

वर्ष 2024 भारतीय अर्थव्यवस्था, शेयर बाजार और रुपये के लिए एक और अच्छा साल साबित होने वाला है। घरेलू और वैश्विक, दोनों स्तर पर सभी कारक भारत के लिए सकारात्मक हैं। दुनिया भर में 70 से ज्यादा देशों में इस वर्ष चुनाव होने वाले हैं, इसलिए काफी राजनीतिक सरगर्मी और संभावित बदलाव देखने को मिलेंगे। हालांकि दुनिया को वर्ष 2024 में मंदी की आशंका है, पर ज्यादातर देश अपनी अर्थव्यवस्थाओं में तेज सुधार और मंदी से बचने की उम्मीद कर रहे हैं। इस वर्ष वैश्विक विकास दर दो फीसदी के करीब रहने का अनुमान है। भारत में सबसे अधिक वृद्धि दर रहने की उम्मीद है, वास्तविक विकास के आधार पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.5 फीसदी वृद्धि दर का अनुमान है, जबकि नॉमिनल आधार पर 11 फीसदी का अनुमान है।

वर्ष 2022 और वर्ष 2023 की पहली छमाही में ब्याज दर में तेज वृद्धि के बाद उम्मीद है कि प्रमुख केंद्रीय बैंक, अमेरिकी फेडरल रिजर्व से लेकर यूरोपीय केंद्रीय बैंक और बैंक ऑफ इंग्लैंड तक, ब्याज दरों में कटौती की स्थिति में होंगे, क्योंकि ये अर्थव्यवस्थाएं सुस्त हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि चीन की अर्थव्यवस्था में भी सुस्ती है, जिससे वस्तुओं की कीमतें गिर गई हैं, जो भारत जैसे बड़े कमोडिटी आयातक के लिए सकारात्मक है। अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती से आम तौर पर डॉलर कमजोर होता है। साथ ही इससे उभरते बाजारों की अर्थव्यवस्थाओं में विदेशी पोर्टफोलियो के प्रवाह में वृद्धि होती है। यह वर्ष 2024 में भारत में विदेशी धन का प्रवाह बढ़ाने के लिए अनुकूल स्थिति है। कच्चे तेल की गिरती कीमत इस वर्ष वैश्विक और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक और सकारात्मक संकेत है। इस अनुकूल वैश्विक पृष्ठभूमि में भारतीय अर्थव्यवस्था की संभावना अनुकूल दिख रही है। बढ़ते प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर, मुद्रास्फीति पर नियंत्रण, राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण, चालू खाता घाटा और रुपये की बढ़ती स्वीकार्यता जैसे प्रमुख मानदंडों पर भारत वास्तविक रूप से %अमृत काल% का आनंद ले रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकारी खर्च में भारी बढ़ोतरी अगले कुछ वर्षों में अर्थव्यवस्था को काफी आर्थिक फायदा पहुंचाएगी। सड़क, रेलवे, बंदरगाह, हवाई अड्डे और जलमार्ग-सभी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने से वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में निजी पूंजी व्यय में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है। बुनियादी ढांचे पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये का आर्थिक उत्पादन या जीडीपी की वृद्धि पर चार से छह गुना प्रभाव पड़ता है। इस वर्ष अप्रैल-मई में होने वाले संसदीय चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को एक और कार्यकाल मिलने की उम्मीद से नीति निरंतरता की उच्च संभावना है। इससे क्षमता विस्तार और हरित परियोजनाओं को शुरू करने के लिए निवेशकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। वर्ष 2023 में रिकॉर्ड संख्या में आवास खरीदे गए। आवास क्षेत्र में तेजी से बढ़ती कमाई और भारी मांग को देखते हुए रियल एस्टेट क्षेत्र में अगले सात से दस वर्ष तक तेजी रहने की संभावना है। अगले कुछ वर्षों तक कॉरपोरेट आय वृद्धि भी 14-15 फीसदी के दायरे में रहने उम्मीद है। यह शेयर बाजार सूचकांकों के उछाल में भी परिलक्षित होता है, जो वर्ष 2023 में रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया और उम्मीद है कि इस वर्ष भी यही रफ्तार बनी रहेगी। कॉरपोरेट बैलेंस शीट से जोखिमों को खत्म कर दिया गया है और पिछले कुछ वर्षों में ऋण का स्तर भी घट गया है। बैंकों ने अनियोजित खर्च के लिए अलग से पूंजी कोष (कैपिटल बफर्स) तैयार किया है और एनपीए से संबंधित समस्याएं खत्म की हैं।

कॉरपोरेट घरानों को अपनी विकास जरूरतों के लिए शेयर बाजारों, बांड बाजारों और बैंकों और गैर-बैंक से धन उपलब्ध हो रहा है। वैश्विक बांड सूचकांकों में भारत के शामिल होने से भारतीय बांड बाजारों में भी दीर्घकालिक विदेशी फंडों का बड़ा प्रवाह होगा। इससे धन जुटाने की लागत कम हो जाएगी और भारतीय बांड बाजार समृद्ध होगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने मई, 2022 में ब्याज दरों में 250 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी की थी। उम्मीद है कि रिजर्व बैंक इस वर्ष जुलाई-अगस्त में दरों में 50 बेसिस पॉइंट की कटौती करेगा। वर्ष के अंत तक भारत के दस-वर्षीय सरकारी बांड की रिटर्न लगभग 6.6-6.75 फीसदी पर स्थिर रहने की उम्मीद है। अमेरिकी, यूरोपीय और चीनी अर्थव्यवस्था में मंदी का जोखिम है, जो भारत के विकास को भी धीमा कर देगा। भू-राजनीतिक जोखिम के कारण आपूर्ति शृंखला में व्यवधान या तेल की कीमतों में वृद्धि का भी जोखिम है। इसके अलावा अल नीनो प्रभाव से कमजोर मानसून चुनौती पैदा कर सकता है। ग्रामीण मांग कमजोर है और कृषि अर्थव्यवस्था पर किसी भी अन्य प्रभाव से ग्रामीण क्रय क्षमता पर भी असर पड़ेगा। शेयर बाजार में बड़ी कंपनियां (लार्ज कैप्स) इस वर्ष बेहतर प्रदर्शन करेंगी, जबकि छोटी व मंझोली कंपनियों ने पहले ही 2023 में शानदार प्रदर्शन किया है। घरेलू उन्मुख क्षेत्र, जैसे बैंक एवं अन्य वित्तीय क्षेत्र-म्यूचुअल फंड से बीमा कंपनियों तक, पसंदीदा क्षेत्र होंगे। बुनियादी ढांचा, बिजली, निर्माण, रियल एस्टेट, रेलवे, रक्षा क्षेत्र से जुड़े शेयर भी अपने राजस्व और कमाई में वृद्धि जारी रखेंगे। आईटी सेक्टर के शेयरों को फिर गति पकड़ने में कुछ तिमाही लगेंगे, क्योंकि वैश्विक मंदी के कारण ऑर्डर प्रवाह और कमाई सुस्त रहने का अनुमान है। कई वर्षों के खराब प्रदर्शन के बाद फर्मा क्षेत्र के शेयर भी आकर्षक लग रहे हैं।

विदेशी निवेश के अधिक प्रवाह और कमजोर अमेरिकी डॉलर से भारतीय रुपये को डॉलर के मुकाबले दो-तीन फीसदी की बढ़त पाने में मदद मिलेगी। रुपया आधारित व्यापार के द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय समझौतों को बढ़ावा मिलेगा, खासकर मध्य पूर्व एवं अफ्रीकी देशों के साथ। हालांकि रुपये को विश्व स्तर पर स्वीकृत आरक्षित मुद्रा बनने में अभी लंबा समय लगेगा, लेकिन इस दिशा में कुछ प्रगति अवश्य होगी। कुल मिलाकर, भारतीय अर्थव्यवस्था इस वर्ष भी पिछले वर्ष के अच्छे परिणामों को जारी रख सकती है, क्योंकि भारत को राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक नीति की स्थिरता और चीन की प्लस वन रणनीति का लाभ मिल रहा है। इस वर्ष भी भारतीय बाजारों में करीब 12-15 फीसदी रिटर्न की उम्मीद है।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।




## निशाना

### फिर से घमासान !



– कृष्णेन्द्र राय

छिड़ा है निमंत्रण पर ।
फिर से घमासान ।।
नहीं हमको जाना ।
अपना भी सम्मान ।।
बेवजह बेमतलब ।
मुद्दे रहे उखाड़ ।।
अब लगता है उनको ।
देंगे झंडे गाड़ ।।
विनाशकाले बुद्धि शायद ।
हो रही विपरीत ।।
छोड़ रहा ना पीछा ।
उनका जो अतीत ।।
कभी कभी तो शांत चित्त से ।
कर लो थोड़ा काम ।।
है करनी समीक्षा ।
क्यों रहे नाकाम ।।

## आज का इतिहास

- **2020** - लाहौर हाई कोर्ट ने उस विशेष अदालत को 'असंवैधानिक' करार दिया, जिसने पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को संगीन देशद्रोह का दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई थी।
- **2010** - अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संकट के कारण जर्मनी की अर्थव्यवस्था में साल 2009 के दौरान 5त्न की गिरावट दर्ज की गई। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यह सबसे बड़ी गिरावट है।
- **2009** - जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फ़ारुख़ अब्दुल्ला नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष बनाए गए।
- **2008** - चाय निर्माण कंपीन मारवल चाय को संयुक्त अरब अमीरात से एक लाख किलोग्राम चाय के निर्माण का आर्डर मिला।
- **2007** - महिलाओं के प्रति भेदभाव दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का 37वाँ अधिवेशन न्यूयार्क में शुरू।
- **2006** - परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान पर सैन्य आक्रमण से ब्रिटेन ने इन्कार किया।
- **2002** - पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ के संदेश को भारत ने सकारात्मक बताया, चीनी प्रधानमंत्री झू रोंगजी 6 दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे।
- **1999** - नूर सुल्तान नजरवायेव पुनः कजाकिस्तान के राष्ट्रपति चुने गए।
- **1995** - बेलारूस नाटो का 24वाँ सदस्य देश बना।
- **1993** - अमेरिका और उसके सहयोगियों ने दक्षिणी इराक़ में नो फ़्लाई ज़ोन लागू करने के लिए इराक पर हवाई हमले किए।
- **1988** - चीन के राष्ट्रपति चिंग चियांग कुमो का निधन।
- **1948**- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दू-मुस्लिम एकता बनाये रखने के लिये आमरण अनशन शुरू किया।

# अमृतकाल में रामराज्य की संकल्पना हो रही है साकार

**विष्णुदत्त शर्मा**

**राम राज बैठे त्रैलोका। हर्षित भए गए सब सोका।।**

यह चौपाई अब वास्तविकता बनने जा रही है जब श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से चहुंओर हर्ष और आनंदमय वातावरण होगा। 5 अगस्त 2020 को राममंदिर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 'जय सियाराम' के उद्घोष के साथ अपने संबोधन में कहा था कि ÷आप भगवान राम की अदभुत शक्ति देखिए... इमारतें नष्ट हो गई, अस्तित्व मिटाने का भरसक प्रयास हुआ, लेकिन प्रभु श्रीराम आज भी हमारे मन में बसे हुए हैं। प्रभु श्रीराम हमारी संस्कृति के आधार हैं, भारत के जनमानस के विचार हैं और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हैं।÷ प्रधानमंत्री जी ने अपने संकल्प स्वरूप यह भी कहा था कि 'राम काज किन्हें बिनु, मोहि कहां विश्राम...'

22 जनवरी 2024 को भव्य-दिव्य मंदिर में हमारे रामलला विधि विधान के साथ विराजने जा रहे हैं। सांस्कृतिक सभ्यता से परिपूर्ण हमारा भारत सरयू के किनारे एक स्वर्णिम अध्याय रचने जा रहा है। सोमनाथ से लेकर काशी विश्वनाथ तक अयोध्या धाम इतिहास गढ़ने जा रहा है। आज संपूर्ण भारत राममय होकर आनंदित है। हर मन प्रफुल्लित है और भारतवासी भावुक हैं क्योंकि 5 सदियों का इंतजार ख़त्म होने जा रहा है। प्रधानमंत्री जी की दृढ़ संकल्प शक्ति और कर्तव्य परायणता से अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर निर्माण के साथ ही अनेक विकास परियोजनाओं के सृजन से अद्भुत अलौकिक वातावरण का निर्माण होने जा रहा है।

हमारे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, अपितु यह हमारे सांस्कृतिक अभ्युदय का प्रतीक है। यह प्राण प्रतिष्ठा आस्था, धैर्य और संकल्प के विजय का परिचायक है। यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्मृतियों एवं आध्यात्मिक मूल्यों का प्रतिबिंब भी है। अयोध्या में बना यह मंदिर देश के लिए सिर्फ पूजा स्थल नहीं बल्कि यह हमारे पूर्वजों के तप, त्याग और संकल्प का स्थायी प्रेरणापुंज है। जिन कारसेवकों के आंदोलन रूपी तपस्या के फलस्वरूप श्री रामलला का मंदिर आकार ले पाया है, वह आंदोलन अर्पण, तर्पण और संकल्प से ओत-प्रोत था। उसका लक्ष्य सिर्फ राम मंदिर नहीं अपितु रामराज्य स्थापित करना भी था। वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के पश्चात नरेंद्र मोदी जी ने इसी रामराज्य की संकल्पना को साकार करने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा के साथ कार्य किया है। मोदी सरकार ने एक ओर सदियों से उपेक्षित सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मान्यताओं को प्रतिस्थापित किया तो दूसरी ओर गरीब कल्याण को प्राथमिकता के रूप में अपनी सरकार का लक्ष्य बनाया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने धारा 370 की बेड़ियों से मां भारती को आजाद कराना, तीन तलाक की कुरीति से अल्पसंख्यक बहनों को मुक्ति दिलाना, माताओं-बहनों को रसोई में खतरनाक धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए गैस सिलेंडर, नारी शक्ति की गरिमा की रक्षा के लिए शौचालय का निर्माण, आयुष्मान भारत योजना के जरिए स्वास्थ्य सेवा, हर गरीब के सिर पर छत हो उस हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना, कोई भूखा न रहे इस हेतु 80 करोड़ देशवासियों के लिए मुफ्त राशन की व्यवस्था, किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, पिछले 7 दशकों से देश को लूटने वाले भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कठोर कदम, कोरोनाकाल में हर भारतीय को मुफ्त वैक्सीन का प्रबंध जैसे अनेकों ऐतिहासिक कार्य किए। मोदी सरकार ने रामराज्य की अवधारणा को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास किये है। दरअसल, किसी भी लोकतंत्र की गुणवत्ता उसके नेतृत्वकर्ताओं पर निर्भर करती है। नेतृत्वकर्ता यदि त्यागी, तपस्वी और न्याय प्रिय है तो निश्चित ही लोकतंत्र सफल होगा जैसा प्रभु श्री राम जी के राज में था। वर्षों बाद प्रभु कृपा से ही पुनः भारत को इसी प्रकार त्यागी, तपस्वी और न्याय प्रिय नेतृत्व प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के रूप में प्राप्त हुआ है।




जहां एक ओर देश में राममंदिर के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना जागृत हो रही है, उसी समय यह हमारे भारत का अमृतकाल है और 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए हम भारतीयों को अपने दायित्वों के प्रति कृत संकल्पित रहना है। रामराज्य की संकल्पना भी यही है जहां शासन जन-जन के साथ मिलकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सहभागिता निभाए। आज भारत ने अपनी सांस्कृतिक विरासतों के गौरव के साथ ही विकास के नए प्रतिमान स्थापित किये हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज हमारा भारत अपने तीर्थों को भी संवार रहा है और डिजिटल टेक्नोलॉजी की शक्ति से परिपूर्ण विश्व का अग्रणी राष्ट्र भी बन रहा है। आज मोदी जी की सरकार काशी विश्वनाथ धाम के पुनर्निर्माण के साथ ही ग्रामीण विकास हेतु 30 हजार से अधिक पंचायत भवन भी बना रही है। सिर्फ केदारधाम का पुनरुत्थान ही नहीं अपितु 300 से अधिक मेडिकल कॉलेज भी देश में बन रहे हैं। सिर्फ महाकाल के लोक का ही निर्माण नहीं हो रहा, बल्कि स्वच्छ पेयजल के लिए दो लाख से ज्यादा पानी की टंकियों का भी निर्माण हो रहा है और 14 करोड़ घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। आज देश अपनी अतुलनीय वैज्ञानिक क्षमताओं के माध्यम से एक तरफ चन्द्रमा और सूरज की दूरी नाप रहा है तो वहीं हमारी पौराणिक मूर्तियों को भारत में वापस लाकर अपनी सांस्कृतिक सभ्यता के सवंर्धन का कार्य भी कर रहा है। प्रधानमंत्री जी ने अयोध्या धाम में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे एवं अयोध्या धाम जंक्शन के लोकार्पण के अवसर पर कहा कि ÷विकसित भारत के निर्माण को गति देने के अभियान को अयोध्या नगरी से नई ऊर्जा मिल रही है। विश्व में कोई भी देश हो अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी विरासत को संभालना होगा। हमारी विरासत हमें प्रेरणा देती है। हमें सही मार्ग दिखाती है। आज का भारत पुरातन और नूतन को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। वास्तव में आज अयोध्या में अध्यात्म और विरासत की भव्यता के साथ विकास की दिव्यता भी दिखती है। विकास और विरासत का यह संयोजन ही भारत को 21 वीं सदी में सबसे आगे ले जाएगा। तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लोकतंत्र, लोकमंगल और आदर्श राज्य व्यवस्था की अभिव्यक्ति की है। चित्रकूट से विदा होते हुए भरत को श्री राम सबसे बड़ा उपदेश देते हुए राजा-प्रजा के संबंधों पर कहते हैं, ÷मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक।। पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक।।÷ यानी शासन पक्षपाती एवं अन्यायी न हो, शासन में समाज के अंतिम व्यक्ति के अभ्युत्थान की चिंता प्रमुख होनी चाहिए। हम गर्व से कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की संकल्पना निश्चित ही साकार हो रही है। इस बात में कोई संशय नहीं है कि हमारे प्रधानमंत्री भारत की मिट्टी के कण-कण और भारत के जन-जन के पुजारी हैं। विगत साढ़े नौ वर्षों में न केवल हम भारतीय अपितु समूचा विश्व एक 'नए भारत' के निर्माण का प्रत्यक्षदर्शी रहा है। यह नया भारत है जिसकी संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों को अपनाने में विश्व का हर देश स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करता है। यह नया भारत अपनी आस्था, अस्मिता और अर्थव्यवस्था के प्रति सजग और संवेदनशील भी है और सचमुच में यही तो रामराज्य की संकल्पना है।

**साभार :** लेखक- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद हैं।

स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस पर

# जिले के कई संस्थानों में सामूहिक रूप से किया सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

नर्मदा कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के अवसर पर प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार और योग किया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के आध्यात्मिक गुरु और महान दार्शनिक रहे हैं ,उन्होंने दुनिया भर में भारतीय संस्कृति और वेदांत दर्शन का प्रचार प्रसार किया ।उनका मानना था कि जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत और अनुशासन की आवश्यकता होती है ,आधुनिक भारत के पुनर्जागरण में उनका योगदान सर्वोपरि है। वे युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। तत्पश्चात एनसीसी एनएसएस के युवाओं के साथ मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी साथ-साथ सूर्य नमस्कार, ध्यान,प्राणायाम और योग मुद्रायें की। कार्यक्रम की संयोजक डॉ यास्मीन खान ने बताया कि स्वामी जी मानना था कि आत्मविश्वास, निडरता, अनुशासन, और मेहनत स्वस्थ शरीर और मानसिक दृढ़ता के साथ ही प्राप्त होता है अतः महाविद्यालय में उत्साह पूर्वक युवा दिवस मनाया गया और विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर विद्यार्थियों ने अपने विचार भी प्रस्तुत किये। प्रातः कालीन योग सभा में डॉ हंसा व्यास, डॉ संजय चौधरी,डॉ कमल वाधवा डॉ, डॉ आर एस बोहरे , डॉ बी एस आर्य, डॉ जे के कमलपुरिया, डॉ एन आर अडलक, डॉ सुनील दिवाकर, डॉ ईरा वर्मा,डॉ नीलू दुबे, हेमलता सनोडिया, स्नेहा दुबे , डॉ योगेन्द्र सिंह, डॉ कुमुदिनी गार्गव और अत्यधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## धूपगढ़ पर किया गया सामूहिक सूर्य नमस्कार



स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को युवा दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं अन्य संस्थानों पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन। प्रदेश की सर्वोच्च चोटी धूपगढ़ पर भी सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। इस कार्यक्रम में उच्च अधिकारी साढा सीईओ पचमढी रविप्रकाश नायक, आयुष विभाग से डॉक्टर विजय , शिक्षा विभाग के प्राचार्य पचमढ़ी, योग प्रशिक्षक संतोष यादव एवं पर्यटक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक उद्बोधन का प्रसारण आकाशवाणी से हुआ। इसके बाद मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया।

## युवा सप्ताह अंतर्गत होंगे विभिन्न कार्यक्रम



विवेकानंद युवा मंडल के अध्यक्ष प्रसन्न हरने ने बताया कि युवा सप्ताह के अंतर्गत युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए युवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. युवा दिवस के अवसर पर प्रत्येक स्कूल में विवेकानंद व्याख्यान आयोजित किये. विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन वृतांत पर व्याख्यान दिए गए. सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया.कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया. 13 जनवरी को विवेकानंद युवा मंडल सेमरी शाखा द्वारा स्वच्छता अभियान एवं पानी का उपयोग न करने हेतु अभियान चलाएगा।

## छोटे-छोटे बच्चों ने भी किया सूर्य नमस्कार



**सिवनी मालवा।** लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें जिसमें कक्षा 9वी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रगान हुआ संस्था के वरिष्ठ शिक्षक अखिलेश यादव द्वारा स्वामी विवेकानंद की जीवन परिचय से छात्रों को अवगत कराया तथा योग के बारे में भी बताया गया उसके पश्चात अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के तेल चित्र पर पूजन अर्चन के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ आकाशवाणी भोपाल द्वारा प्रसारित प्री रिकॉर्ड कार्यक्रम एवं मध्य प्रदेश शासन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भाषण छात्र-छात्राओं को सुनाया गया सभी छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार किया। वही नर्मदा किड्स वैली स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने सूर्य नमस्कार का क्या अर्थ होता है और सूर्य नमस्कार करने से हमें क्या फायदे होते हैं यह जानकारी भी उन्हें शिक्षिका के द्वारा दी गई इसी के साथ बच्चों ने शिक्षिका के साथ सूर्य नमस्कार भी किया। और सूर्य नमस्कार के बारे में उत्सुकता से जानकारी भी ली।

# नैनीताल में फोटोग्राफी कला के लिए हरदा के संजय को मिला सम्मान



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

हरदा जिले के एक युवा को अपनी फोटो ग्राफ़ी कला के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सम्मानित किया गया है। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड प्रदेश के नैनीताल में 6 से 9 जनवरी तक राष्टीयस्तर पर फोटोग्राफी कार्यशाला, प्रसिद्ध फोटोग्राफर धर्मेंद्र शर्मा इंदौर के द्वारा आयोजित की गई थी।

जिसमे पूरे देश से 40-45 फोटोग्राफरो को शामिल हुए. कार्यशाला में प्रदेश स्तर पर हरदा के युवा संजय प्रजापत को शामिल होने का अवसर मिला था। संजय के द्वारा अपनी फोटोग्राफ़ी कला के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें देश के प्रसिद्ध मेंटर राजा अवस्थी, रायपुर छत्तीसगढ़ एवं विपुल शर्मा, चंडीगढ़ के द्वारा शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों और नेपाल से आए 40-45 छायाकारों के साथ संजय ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। आयोजन में प्रतिभागियों को चित्रों में निखार लाने की विधि के बारे में सिखाया एवं फोटोग्राफी, सिनेमैटोग्राफी एवं नई तकनीक के बारे में जानकारी दी गयी। संजय की सफलता पर परिवार और इष्ट मित्रो ने बधाई दी है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत 22 जनवरी तक मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां 6 जनवरी से शुरू हाक गई है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों के अंतर्गत प्रदेश के समस्त बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थिति रहेंगे। यह कार्य 22 जनवरी तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे। इस संबंध में सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

**13 एवं 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविरः** फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

**22 जनवरी तक लिए जाएंगे आवेदनः** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन लिए जाएंगे। जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

## आईटीआई कॉलेज में लगा निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस कैंप



**नर्मदापुरम।** जिले में 11 जनवरी से 17 जनवरी तक मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शुक्रवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के दिशा निर्देशानुसार आरटीओ श्रीमती निशा चौहान के नेतृत्व में परिवहन विभाग द्वारा नर्मदापुरम शहर के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र ( ढ्ढञ्जढ्ढ) में एक दिवसीय निशुल्क ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस कैंप लगाया गया, जिसमे बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राओं ने भाग लेते हुए लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन किए, एक दिवसीय कैंप में लगभग 90 छात्र एवं छात्राओं ने लाइसेंस के लिए आवेदन किए, लर्निंग लाइसेंस के लगाए गए कैंप में आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के प्रिंसिपल सतीश मौरे, स्मार्ट शाखा प्रभारी सौरभ दीवान, बाबू मोरजाल, निरंजन, दिलीप, समस्त कॉलेज प्राचार्य के साथ बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यानमाला आयोजित

**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में मप्र जन अभियान परिषद जिला रायसेन द्वारा 12 जनवरी 2024 को स्वामी विवेकांनद शास. महाविद्यालय रायसेन में व्याख्यायन माला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी एवं मॉ भारती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।



इसके उपरांत स्वामी विवेकानंद शास. महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री मनोज कुशवाह तथा महिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री अतुल दुबे द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी, विचारधारा और आदर्शो का विस्तृत करते हुए युवाओं को लक्ष्य निर्धारित देशहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि सभी को स्वामी विवेकानंद जी के अलौकिक विचार और उनके आदर्शों से हमें सीख लेना चाहिए। मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री कल्याण सिंह राजपूत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी स्वामी विवेकानंद जी के विचारों और आदर्शो को जीवन में उतारकर समाजहित तथा देश निर्माण में सहयोग करें। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं सीएमसीएलडीपी छात्रों द्वारा स्वामी जी के प्रेरणा गीत एवं विचारों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में जिले की समस्त नवांकुर संस्थाओं से संस्था प्रमुख, जिले के समस्त मेंटर्स, ग्राम/नगर विकास प्रस्फुटन समिति तथा सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** | ग्राम हिरनखेड़ा पहुंची भारत विकसित संकल्प यात्रा

# प्रदर्शनी और स्टॉल लगाकर हितग्राही मूलक और विकास उन्मुख योजनाओं की दी जानकारी



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

शासन के निर्देशानुसार निकली जा रही भारत विकसित संकल्प यात्रा रथ ग्राम हिरनखेड़ा पहुंचने पर मण्डी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता शंभू सिंह भाटी, किसान नेता यशवंत पटेल, जिला पंचायत सदस्य अजीत मंडलोई , पूर्व जिला मंत्री राममोहन राजपूत, भीलट देव मंडल अध्यक्ष जितेंद्र चौहान उपस्थित रहे । विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच शासकीय विभागों द्वारा अपने-अपने विभागवार प्रदर्शनी और स्टॉल लगाए गए। संकल्प यात्रा में आए जनप्रतिनिधियों ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न हितग्राही मूलक और विकास उन्मुख योजनाओं की जानकारी दी गई। भाजपा नेता शंभू सिंह भाटी द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी अपने उद्बोधन में दी। वही किसान नेता यशवंत पटेल ने भाजपा सरकारों द्वारा आम जनता के लिए किया जा रहे हैं कार्यो के बारे में जानकारी दी । जिला पंचायत सदस्य अजीत मंडलोई द्वारा शासकीय विभागों से हितग्राहियों के आवेदन स्वीकार करने और त्वरित रूप से लाभ प्रदान करने का आवाहन किया गया।

इस अवसर पर ग्राम सरपंच सुश्री अमृता लिटोरिया द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों का परिचय और उद्बोधन अतिथियों के मध्य कराया गया। लाभान्वित हितग्राहीयों ने बताया कि कैसे उन्हें शासन की योजना से लाभ मिला और जिसके कारण उनकी जिंदगी में खुशहाली आई। इस अवसर पर सरपंच संघ के अध्यक्ष सुनील गौर, चौतलाय सरपंच रामजीवन साध, सतवासा सरपंच तरुण बकोरिया, रतवाडा सरपंच प्रतिनिधि शंकरलाल गौर,खुटवासा सरपंच पूजा भदौरिया, सोमलवाडा सरपंच दुर्गा शंभूदयाल परते,चंदवाड सरपंच ज्योति रेवाराम गौर,भडंग चिकली सरपंच अरविंद राजपूत, कहारिया सरपंच मुकेश जाट, योगेंद्र चंदेल,प्यार सिंह राजपूत, दिलीप राजपूत, सुनील पटेल, रंजीत राजपूत, रूप सिंह राजपूत,युवा मोर्चा अध्यक्ष विशाल राजपूत, विष्णु राजपूत, अमित साध,ऋषभ गौर, देवेंद्र लौवंशी, किशनलाल लौवंशी,सचिव हितेश मनवारे, सहायक सचिव अंकित गौर,ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली बच्चे, लाभान्वित हितग्राही एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहें।



# मकर संक्रांति पर देवपुर में लगेगा मेला



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मकर संक्रांति का त्यौहार बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में 14-15 जनवरी को मनाया जाएगा। नगर से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बाबा विश्वनाथ स्वामी के धाम देवपुर में मकर संक्रांति पर मेला लगेगा जिसको दृष्टिगत रखते हुए यहां पर मंदिर समिति और प्रशासन के द्वारा मेले के लिए ध्वज भी स्थापित कर दिया गया है, व्यवस्थाएं भी प्रारंभ कर दी गई है। कुंडो की साफ सफाई के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति और प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के इंतजाम भी किया जा रहे हैं। मेले में दुकान लगाने वालों के द्वारा जगह आवंटित करवाई जा रही है। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ स्वामी के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। पवन कुंड के जल से स्नान करके बाबा विश्वनाथ स्वामी का जल अभिषेक भी किया जाता है। इस अवसर पर है मेला भी लगता है दूर-दूर से लोग दर्शन करने पहुंचते हैं।

# स्थानीय पत्रकार संघ अध्यक्ष बने अंसार खान



**सिरोंज।** आज पत्रकार संघ आरोन की बैठक पत्रकार संघ अध्यक्ष राहुल सक्सेना की अध्यक्षता में कामनेश्वर ढाबा ढाबा गोरिया पर संपन्न हुई जिसमें राहुल सक्सेना ने अपने कार्यकाल की उपलब्धिया गिनाई और अपना त्यागपत्र दिया तत्पश्चात 2024 के लिए पत्रकार संघ अध्यक्ष बनाने की प्रतिक्रिया हुई बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश बंदेल श्याम टांडेल बंटी बागड़ी मनोज लाल अहिरवार राहुल सक्सेना राजा मुगल राजीव जैन रोहित सक्सेना अंचल सक्सेना छोटू ओझा रंजीत कुशवाह राम भरोसा शर्मा शाहरुख खान रोहित सेन अदि की सर्व सहमति से अंसार खान को 2024 हेतु पत्रकार संघ अध्यक्ष आरोन चुना गया।

## विवेकानंद की 161 वी जयंती पर एलबीएस कॉलेज में हुआ युवा दिवस का आयोजन, विधायक हुए शामिल

# युवा वो जो निरंतर सीखने की ललक रखे: उमाकांत शर्मा






**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

युवा दिवस के अवसर पर शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा की मौजूदगी में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाराष्ट्र से लाइव भाषण को भी एलईडी के माध्यम से सुना।

कुरवाई रोड स्थित शासकीय एलबीएस कॉलेज के आडिटोरियम में आयोजित हुए युवा दिवस कार्यक्रम के दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का अपनी मातृभूमि देश भारत से इतना अटूट प्रेम था कि जब वह अमेरिका से बापस भारत लौटे थे तो यहाँ की माटी में लौट लगाने लगे थे। आध्यात्मिक चेतना के प्रेरणा पुंज स्वामी विवेकानंद ने अल्पायु में ही देश के युवाओं को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा प्रदान की जिसके कारण भारत ही नही अपितु विदेशों में भी उनके अनुयायियों काफी संख्या में बन गए थे। उनका दृष्टान्त था कि हर वह व्यक्ति युवा की श्रेणी में है जिसमे निरंतर नया सीखने और दूसरों के लिए करने की ललक रहती है। कार्यक्रम के उपरांत विधायक शर्मा ने उपस्थित छात्रों से वार्तालाप भी की।



इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन एवं सामूहिक राष्ट्रगीत के साथ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लालचंद राजपूत एवं जनभागीदारी समिति कर अध्यक्ष शिव कुमार भार्गव ने विधायक शर्मा का सम्मान भी किया। इस दौरान कॉलेज के युवा छात्र छात्राओं ने भी स्वामी विवेकानंद पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिनेशचंद्र गर्ग आध्यात्मिक, विष्णु प्रसाद शर्मा आचार्य, मुंशीलाल कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

### प्रश्नों के सही उत्तर देने वालों को नगद राशि देकर किया पुरस्कृत

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज प्रबंधन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को सामूहिक रूप से सुनने के लिए लाइव प्रसारण की व्यवस्था की थी। कॉलेज के सभी संकायों के करीब ढाई सौ छात्र छात्राओं ने विधायक उमाकांत शर्मा के साथ प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना। इसके बाद विधायक शर्मा ने छात्रों के सामान्य ज्ञान और उनकी बौद्धिक क्षमता को परखने के लिए लाइव प्रसारण में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी को लेकर जो विषय रखा था उसी से संदर्भित प्रश्न भी पूछे। सही उत्तर देने वाले सात छात्रों को उन्होंने इस अवसर पर अपनी ओर से नगद राशि देकर पुरूस्कृत भी किया। जिनमे प्रमुख रूप से अंजली पाल,रिशिता साहू, कपिल कुशवाह,नवेद खान,संजू मालवीय, राजू अहिरवार आदि शामिल रहे।

# यातायात पुलिस ने 60 ट्रालियों में लगाए रेडियम, पांच वाहन चालकों पर की चालानी कार्रवाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

यातायात पुलिस के द्वारा शुक्रवार को ट्रॉली में रेडियम की पट्टी लगाने का काम किया साथ इन्होंने सभी ट्रैक्टर ट्राली चालकों को समझाई देते हुए कहा कि कभी भी किसी भी दुकान से लोहे के सरिया आदि सामान लेकर जाएं लाल कपड़ा आवश्यक रूप से लगाए जिससे की दुर्घटना होने का खतरा नहीं होता है दूर से ही वाहन चालक को दिखाई दे देता है। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ही रेडियम लगाने का काम ट्रालियों में किया है ओर कहां कि कहीं भी वाहनों को खड़े करते हैं तो रात्रि में दूर से ही रेडियम की पट्टी लगी होने से दिखाई दे देता है। बाजार में सामान लेने के लिए आए तो पूरी सावधानी बरतें किसी भी तरह की लापरवाही ना करें वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़े करें कहीं भी व खड़े ना करें यातायात प्रभारी रितेश बघेल ने बताया कि 60 ट्रालियों में रेडियम लगाकर ट्रैक्टर ट्राली चालकों को समझाएं देते हुए कहा कि लोहे का सरिया आदि भरकर जब भी लेकर जाएं तो लाल कपड़े का उपयोग आवश्यक रूप से करें। इसी तरह वाहन चेकिंग करते हुए पांच वाहनों पर यातायात विभाग के नियमों का पालन नहीं करने पर 3500 की चालानी कार्रवाई भी की गई यातायात पुलिस के द्वारा निरंतर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ।जिसके चलते वाहन चालकों के द्वारा दस्तावेज ,बीमा



गाड़ियों के कागज भी कंप्लीट करवाने का काम किया जा रहा है। जिनके दस्तावेज नहीं है वह अपने वाहनों को चलाने में कतरा रहे हैं। दूसरी ओर जैसे ही वाहन चेकिंग की जानकारी लगती है तो कई चालक रास्ता बदलकर दूसरे रास्ते से जाते हुए नजर आते हैं ।इसके अलावा अभी भी कई बड़े वाहन चालकों के द्वारा भी कागज बनाने का काम किया जा रहा है। कुछ तो बगैर परमिट के भी आज भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं ऐसे वाहन चालकों पर भी यातायात पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए।

# जुमा की नमाज अदा करने गए मौलाना की मौत, जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

इस्लाम में शुक्रवार यानी जुमें के दिन को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है इबादत के लिहाज से भी यह दिन आम दिनों से अफजल माना जाता है इस दिन बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर नमाजे जुमा अदा करते हैं भीड़ को देखते हुए मस्जिद कमेटियां भी अतिरिक्त इंतजाम करती हैं, ऐसी मान्यता है कि इस दिन किसी का इंतकाल हो जाता है तो मुस्लिम समाज उसको भी अच्छा मानता है ऐसा ही कुछ कल सिरोंज में देखने को मिला शहर के वार्ड क्रमांक 5 नयापुरा में रहने वाले कृषि उपज मंडी के हम्माल तुलावट यूनियन के अध्यक्ष अजीज मौलाना घर से तैयार होकर जुम्मे की नमाज के लिए निकले अपने घर के करीब की मस्जिद मेंहदीयान में वह नमाज अदा कर ही रहे थे कि अटैक आया और मौलाना अपने खुदा से जा मिले अनन फनन में उन्हें एक निजी अस्पताल लेकर गए जहां पर डॉक्टर उन्हें उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया, अजीज मौलाना की इस



मौत पर सिरोंज में हर कोई उदास तो था ही लेकिन उनकी इस तरह की मौत पर हर कोई रश्क भी कर रहा था क्योंकि मुस्लिम समाज में इस तरह की मौत कि लोगों को तमन्ना होती है उनके जनाजे की नमाज रात्रि 8:30 बजे नयापुरा स्थित तकिया में अदा की गई इसके बाद उन्हें बलेजा पेट्रोल पंप के सामने स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया ज्ञात रहे की अजीज मौलाना पिछले कई वर्षों से कृषि उपज मंडी के हम्माल तुलावाट यूनियन के अध्यक्ष रहे हैं वह वर्तमान में भी यूनियन के अध्यक्ष थे इसके अलावा मौलाना समाज सेवामें सबसे आगे रहते थे।

# मौसम हुआ साफ, दिन में निकल रही है धूप, सर्दी का सितम जारी



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

काफी दिनों के बाद मौसम साफ होने के बाद सूर्य देवता के दर्शन भी हो रहे हैं ।इस वजह से गुनगुनी धूप का लुफ्ट उठाने के लिए लोग घरों की छतो और घरो के बाहर बैठकर धूप का आनंद ले रहे हैं। वहीं धूप निकलने से फसलों में भी वृद्धि हो रही है पिछले 12 दिनों से धूप नहीं निकलने के कारण फसने भी प्रभावित हो रही थी कड़के की सर्दी का सितम जारी रहने से इन दोनों धूप सभी को अच्छी लग रही है। दूसरी ओर शरीर को पूर्ण रूप से स्वस्थ रहने के लिए समय धूप की आवश्यकता होती है पिछले दिनों धूप नहीं निकलने के कारण विटामिन सी की कमी हो रही थी उसकी पूर्ति भी धूप निकलने से हो रही है।इसी तरह का मौसम रहने की संभावना भी मौसम विभाग के द्वारा जारी की गई है। दूसरी ओर मकर संक्रांति के लिए बाजार में खरीदारी भी होने लगी है ।

**मेट्रो एंकर**

## विकसित भारत संकल्प यात्रा: बंटी नगर, अहमदपुर चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम

# योजनाओं का लाभ लेकर बिना परेशानी खुशहाल जीवनयापन कर रहे आमजन: विधायक टंडन

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आज विदिशा नगरीय क्षेत्र के बंटी नगर चौराहा एवं अहमदपुर चौराहा पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम में जिले को आवंटित आई.ई.सी वैन प्रचार रथ के माध्यम से विकसित भारत संकल्प वीडियो तथा प्रधानमंत्री जी के संदेश का प्रसारण किया गया जिसे नगर के गणमान्य नागरिकों व हितग्राहियों के द्वारा देखा और सुना गया। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों के द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व कन्या पूजन कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदिशा विधायक मुकेश टंडन कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाएं प्रारंभ कर आम नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने का कार्य किया है। जनहित में यह कार्य निरंतर जारी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना तहत नगर से लेकर गांव गांव तक गरीबों के पक्के मकान बनाए गए हैं। अब गरीब व्यक्ति भी पक्की छत के नीचे बिना किसी परेशानी के जीवन यापन कर रहे हैं। आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं ताकि गरीब व्यक्ति का पांच लाख रुपये तक का मुफ्त में ईलाज हो सके। घर-घर पेयजल की व्यवस्था की गई है। पानी के लिए आम जनों को परेशान नहीं होना पड़ता है। किसान बंधुओं को किसान सम्मान निधि प्रदाय की जा रही है। उन्होंने अन्य विभिन्न योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।



विदिशा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा ने कहा कि आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ गारंटी रथ हम सब के बीच मौजूद है। योजनाओं का लाभ लेने से वंचित नागरिकों को योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से ही यह यात्रा निकाली जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के बाद अब यह यात्रा नगरीय क्षेत्र में भी आई है। इस यात्रा के माध्यम से जन-जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।विदिशा नगरीय क्षेत्र के बंटी नगर चौराहा एवं अहमदपुर चौराहा पर आयोजित कार्यक्रमों में नगरपालिका, स्वास्थ्य विभाग, आजीविका मिशन, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाए गए थे। इसके अलावा बैंक द्वारा भी एक स्टाल लगाया गया था जिसके माध्यम से रोजगार स्थापित करने के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी व योजनाओं तहत ऋण प्राप्त करने के लिए पंजीयन हेतु जानकारी प्रदाय की गई। साथ ही नवीन योजना पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी भी कार्यक्रम में मौजूद नागरिकों को दी गई और उन्हें इस योजना तहत लाभ उठाएं की अपील भी की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को हितलाभ का वितरण भी किया। तथा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने मंच से ही अपने अनुभव सांझा किये।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि श्री राकेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष श्री वीरसिंह रघुवंशी, श्री बाबूलाल ताम्रकार, पूर्व कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा, गणमान्य नागरिकगण, लाभार्थी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।



# रोहित के रन आउट पर पूर्व क्रिकेटर को याद आए धोनी-कोहली

**नई दिल्ली , एजेंसी**

रोहित शर्मा की टी-20 क्रिकेट में वापसी निराशाजनक रही। भारतीय कप्तान ने 14 महीने बाद देश के लिए कोई टी20 मैच खेला और शून्य पर आउट हो गए। उनका आउट होने का तरीका बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। उनके साथी शुभमन गिल दूसरे छोर पर खड़े रहे और दोनों बल्लेबाज एक ही छोर पर रह गए। रोहित ने भारतीय पारी की दूसरी गेंद पर फजलहक फारूकी की गेंद पर सीधे मिड ऑफ पर शॉट खेला और कनेक्ट करते ही रन के लिए निकल गए। हालांकि, गिल ने अपने कप्तान की बात नहीं सुनी और गेंद की तरफ देखते रहे। इस वजह से दोनों खिलाड़ी एक ही छोर पर पहुंच गए और रोहित को रन आउट होना पड़ा। रोहित परिणाम से बिल्कुल नाराज थे और उन्होंने चेंजिंग रूम में वापस जाते समय गिल को गुस्से में काफी कुछ कहा।

रोहित भारत को उस तरह की शुरुआत दे सकते थे, जैसे उन्होंने दो महीने पहले वनडे विश्व कप के दौरान अधिकतर मैच में किया था। मैच के दौरान कमेंट्री पर साइमन डूल ने इस घटना का दोबारा जिक्र किया, जब जितेश शर्मा और शिवम दुबे के बीच तालमेल में गड़बड़ी के कारण एक और रन आउट होते-होते रह गया। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डूल ने कहा 'शिवम दुबे वास्तव में सुन रहे थे, मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है। साझेदारी में बल्लेबाजी करना पूरी तरह से विश्वास के बारे में है। और आप किसी पर तब तक भरोसा करते हैं जब तक वे उस भरोसे का दुरुपयोग नहीं करते हैं। शुभमन गिल सबसे पहले रोहित शर्मा पर भरोसा करते और पीछे मुड़कर नहीं देखते तो वह (रोहित) आराम से क्रीज पर पहुंच जाते। रोहित ने काफी पहले रन के लिए आवाज लगाई थी और उसे (गिल) को भागना चाहिए था। वह अब उन्हें बता रहे हैं। वह जो कह रहे हैं उसे दोहरा नहीं सकते। ऐसा इसलिए कहा गया क्योंकि यह बहुत अच्छा नहीं है। लेकिन रोहित शर्मा बिल्कुल सही हैं।'



इस पर, एल शिवरामकृष्णन ने कहा, जब विकेट के बीच दौड़ने की बात आती है तो किसी की ताकत और कमजोरियों को जानने के महत्व पर जोर दिया जाता है। इसका एक अच्छा उदाहरण विराट कोहली और एमएस धोनी थे। दोनों तेज दौड़ते थे, लेकिन यह केवल इसलिए संभव हुआ क्योंकि धोनी और कोहली दोनों एक-दूसरे के कौशल से वाकिफ थे। जब हम कोहली की सर्वकालिक महान पारियों में से कुछ के बारे में बात करते हैं, तो सबसे शीर्ष पारियों में से एक जो दिमाग में आती है, वह आठ साल पहले इसी स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी नाबाद 82 रन की पारी थी। कोहली ने 2016 विश्व टी20 के क्वार्टरफाइनल में उस मैच के बारे में एक फोटो भी पोस्ट की थी। उन्होंने लिखा था, 'यह आदमी। उसने मुझे फिटनेस टेस्ट की तरह दौड़ाया।'

### कुलदीप-अक्षर की वापसी, ध्रुव नया चेहरा

# IND vs ENG: पिछले दौरे पर शामिल पांच खिलाड़ी टीम इंडिया से हुए बाहर

**मुंबई , एजेंसी**

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के बाद भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसकी शुरुआत 25 जनवरी से होने जा रही है। बीसीसीआई ने शुक्रवार को सीरीज के पहले दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया। चयनकर्ताओं ने इस सीरीज के लिए काफी चौंकाने वाले फैसले लिए हैं। जहां ईशान किशन की छुट्टी हो गई है, वहीं केएल राहुल को इस सीरीज में विकेटकीपिंग के दायित्व से मुक्त किया जा सकता है। चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए स्पिन पिचों को देखते हुए दो विशेषज्ञ विकेटकीपर चुने हैं। इतना ही नहीं पिछले यानी दक्षिण अफ्रीका के दौरे के लिए टीम इंडिया में शामिल पांच खिलाड़ियों को इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम में चुना गया है।



**इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के शुरुआती दो मैचों के लिए भारतीय टीम**

**रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान।**

### दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए क्या था टीम

दक्षिण अफ्रीकी दौरे के लिए जब भारतीय टीम का एलान हुआ था तो टेस्ट टीम में ऋतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, प्रसिद्ध कृष्णा और ईशान किशन शामिल थे। मोहम्मद शमी टीम में शामिल तो थे, लेकिन बीसीसीआई ने पहले ही साफ कर दिया था कि उनकी चोट की गंभीरता के आधार पर ही उनके खेलने पर फैसला किया जाएगा। शमी की चोट गंभीर थी और उन्होंने यहां से उड़ान ही नहीं भरी। इसके अलावा बाकी सभी खिलाड़ी वहां पहुंचे थे। ऋतुराज टेस्ट सीरीज शुरू होने से ठीक पहले चोटिल हो गए थे और उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर अभिमन्यु ईश्वरन को टीम में शामिल किया गया था। वहीं, शमी के रिप्लेसमेंट के तौर पर आवेश खान शामिल हुए थे। ईशान किशन ने टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले खुद का नाम वापस ले लिया था। उनकी जगह केएस भरत को मौका दिया गया।

**ईशान पर हुई कार्रवाई? ध्रुव जुरेल की एंट्री:** मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि ईशान पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हुई है। दक्षिण अफ्रीका दौरे बीच में छोड़ने और फिर बिना इजाजत दुबई जाने और एक गेम शो में हिस्सा लेने की वजह से उन्हें टीम से बाहर किया गया है। हालांकि, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 की पूर्व संध्या पर इसका खंडन किया था और कहा था कि वह सीरीज के अनुपलब्ध थे और जब उपलब्ध होंगे तो उन पर विचार किया जाएगा। साथ ही वापसी के लिए उन्हें रणजी खेलने की सलाह दी थी।

### वाइस कैप्टन वंदना कटारिया हॉकी ओलंपिक से बाहर

# ओलिंपिक एशियन क्वालिफायर 13 से 19 जनवरी को रांची में



**रांची, एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम की वाइस कैप्टन वंदना कटारिया चोटिल हो गई हैं। वह 13 जनवरी से रांची में शुरू होने वाले महिला हॉकी ओलिंपिक एशियन क्वालीफायर नहीं खेल पाएंगी। उनकी जगह निक्की प्रधान को टीम की वाइस कैप्टन नियुक्त किया गया। जबकि बलजीत कौर को स्क्वॉड में शामिल कर लिया गया।

ओलिंपिक एशियन क्वालिफायर 13 से 19 जनवरी के बीच रांची में खेला जाना है। भारतीय टीम टूर्नामेंट के पहले दिन अमेरिका के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। वंदना को प्रैक्टिस के दौरान चोट लग गई। उनके गाल की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया। जिसकी वजह से उन्हें डॉक्टरों ने आराम की सलाह दी है। वहीं भारतीय टीम की मुख्य कोच यानेक शोपमैन ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वंदना टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं बन पाएंगी। अभ्यास सत्र में वह चोटिल हो गईं और उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। हमें जहां वंदना के अनुभव की कमी खलेगी वहीं बलजीत कौर को उनकी जगह अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। अब निक्की प्रधान टीम की उप कप्तान होगी।

#### भारतीय टीम को पूल बी में रखा

भारतीय टीम को पूल बी में रखा गया है। टीम का पहला मैच 13 जनवरी को अमेरिका से होना है। टीम अपना दूसरा मैच 14 जनवरी को न्यूजीलैंड से खेलेगी और 16 जनवरी को इटली से तीसरा मुकाबला होगा। नॉकआउट स्टेज के मैच 18 और 19 जनवरी को खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली अन्य टीमों में जर्मनी, एशियाई खेलों की चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य हैं। इन्हें पूल-ए में रखा गया है। भारतीय टीम बुधवार को रांची पहुंची।



## मेट्रो बाजार

# यूपीआई के जरिये मासिक लेनदेन का आंकड़ा सौ अरब पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

यूपीआई पहले से ही एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा बन चुका है। इसकी मदद से देश में डिजिटल लेनदेन को काफी बढ़ावा मिला है। खासकर ग्रामीण भारत के इलाकों में। वास्तव में इसे और बढ़ना है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम की ओर से विकसित यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) बेहद सफल रहा है। यह दुनिया की सबसे अच्छी भुगतान प्रणाली है। इस भुगतान एप में विस्तार की अधिक गुंजाइश है और यह विश्व में अग्रणी बन सकता है। यह बात आरबीआई गवर्नर ने एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा देश में यूपीआई के जरिये मासिक लेनदेन कई महीने पहले ही 100 अरब का आंकड़ा पार कर गया है। देश में भारी सफलता के बाद आरबीआई अब अन्य देशों के केंद्रीय बैंकों के साथ इसके विस्तार पर चर्चा कर रहा है। सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सहित कुछ देशों में पहले से ही यूपीआई का इस्तेमाल हो रहा है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, यूपीआई पहले से ही एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा बन चुका है। इसकी मदद से देश में डिजिटल लेनदेन को काफी बढ़ावा मिला है। खासकर ग्रामीण?भारत के इलाकों में। वास्तव में इसे और बढ़ना है। मैं कहूंगा...यह दुनिया की अब तक की सबसे अच्छी भुगतान प्रणाली है। मैं चाहता हूं कि यह विश्व में भी अग्रणी बने।



आरबीआई ने कहा कि दिवालिया एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत वसूली की दर 32 फीसदी है। पर, कानून में सुधार की जरूरत है। आईबीसी की प्रमुख आलोचना दो मोर्चों पर है...समाधान में लगने वाला समय और कर्जदाताओं को बकाया वसूली पर होने वाला नुकसान।

# ई-कारों की बिक्री 115 फीसदी बढ़कर 82 हजार पार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। 2023 में 15.30 लाख ईवी बिके, जो 2022 से 49.25 फीसदी ज्यादा हैं। 2022 में 10.25 लाख ईवी बिके थे, लेकिन इसी दौरान इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 115 फीसदी बढ़कर 82,000 से ऊपर निकल गई। ऑटो डीलर्स ऑर्गेनाइजेशन फाडा के मुताबिक, 2023 में 82,105 इलेक्ट्रिक कारें बिकीं। ये 2022 में बिकीं 38,240 ई-कारों के मुकाबले दोगुने से ज्यादा यानी 114.71 फीसदी है। बीते महीने देश में कारों की कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 2.5 फीसदी हो गई, जो दिसंबर 2022 में 1.3 फीसदी थी। वहीं, बीते साल इलेक्ट्रिक टू व्हीलर की बिक्री 36 फीसदी बढ़कर 8.59 लाख से ज्यादा हो गई, लेकिन इस दौरान मार्केट शेयर 5.7 फीसदी से घटकर 5.2 फीसदी रह गई है। टाटा मोटर्स ने अपनी टाटा पंच ईवी को अनवील किया है। कंपनी का दावा है कि यह कार फुल चार्ज पर 300 से 400 किमी चलेगी। रेंज बैटरी पैक पर निर्भर करेगी। ईवी की बुकिंग शुरू हो गई है, जिसे 21,000 रुपए की टोकन मनी देकर बुक किया जा सकता है। कीमतें 10 लाख-13 लाख रुपए, एक्स-शोरूम के बीच हो सकती हैं।



**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

# रश्मिका के डीपफेक वीडियो के महीनों बाद सामने आया सनी का बयान, कहा- 'ये चीजें मेरे साथ भी हुई'

अभिनेत्री सनी लियोनी ने हाल ही में रश्मिका मंदाना की वायरल क्लिप के महीनों बाद डीपफेक वीडियो के बारे में खुलकर बात की है। सनी ने इसे लेकर कहा कि ऐसा पहला भी हो चुका है। अभिनेत्री ने कहा कि भले ही कोई इसे लेकर बहुत ज्यादा सावधानियां नहीं बरत सकता, लेकिन ऐसी घटनाएं होने पर कोई हमेशा शिकायत दर्ज कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक खतरा है, जो लंबे वक्त से चला आ रहा है। सनी लियोनी ने अपने साथ हुई इस तरह की घटना के बारे में बात करते हुए कहा, यह कोई हालिया मुद्दा नहीं है, जैसा कि कई लोग मानते हैं। ये चीजें मेरे साथ हुई हैं लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचती हूं। मैं इसे मनोवैज्ञानिक या मानसिक रूप से प्रभावित नहीं होने देती हूं। मगर कुछ युवा लड़कियां भी होती हैं, जिन्हें कभी-कभी कलंक का सामना करना पड़ता है। उन्हें समझना चाहिए कि यह उनकी गलती नहीं है। उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। उन्होंने कहा, अगर ऐसा कुछ होता है, तो वे हमेशा साइबर सेल में जा सकती हैं और अधिकारियों को इस मामले की जानकारी दे सकती हैं। उन्हें बताएं कि आपकी पहचान और समानता का दुरुपयोग किया गया है। पुलिस इसपर कार्रवाई करेगी।



सनी लियोनी का यह बयान रश्मिका मंदाना डीपफेक वीडियो के वायरल होने के महीनों बाद आया है। वायरल क्लिप में, रश्मिका के चेहरे वाली महिला को एक फिट पोशाक पहने हुए लिफ्ट में चढ़ते देखा गया था। हालांकि, यह जल्दी स्पष्ट हो गया कि वायरल क्लिप डीपफेक थी। अमिताभ बच्चन ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर जाकर कानूनी कार्रवाई की मांग करने के बाद इसने सभी का ध्यान खींचा था। रश्मिका मंदाना डीपफेक वीडियो मामले के बाद कई सितारों ने भी इसे लेकर चिंता व्यक्त की थी, जिसमें नागा चैतन्य और मृणाल ठाकुर सहित कई मशहूर हस्तियां शामिल हैं।

# तापसी पन्नू बोलीं- अफवाह के कारण नहीं मिलती अच्छी फिल्में

तापसी पन्नू इन दिनों फिल्म डंकी की सक्सेस इंन्जॉय कर रही हैं, जिसमें उन्होंने शाहरुख खान के अपोजिट काम किया है। हाल में एक इंटरव्यू के दौरान तापसी ने कहा कि फिल्म साइन करने के बाद भी उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इंडस्ट्री में अफवाह यह है कि वो वही फिल्में करती हैं, जिसमें वो लीड रोल में हों। इस कारण कई प्रोजेक्ट्स उनके हाथ से निकल जाते हैं। इन अफवाहों की वजह से बड़े डायरेक्टर अच्छे साइड रोल के लिए उन्हें अप्रोच करने में कतराते हैं। बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में तापसी ने कहा- हर कोई राजकुमार हिरानी सर जैसा नहीं है। उन्हें किसी कंफर्ट जोन की जरूरत नहीं है। फिल्म मनमर्जियां में मेरा काम देखने उन्होंने अचानक मुझे मैसेज किया। मेरी बहुत फिल्में देखने के बाद ही उन्होंने डंकी का ऑफर दिया।



# संजय दत्त ने लगाए 'जय श्रीराम' के जयकारे

संजय दत्त बॉलीवुड इंडस्ट्री के सफल अभिनेताओं में से एक हैं। अभिनेता ने अपने कई दशकों के लंबे करियर में सुपरहिट फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन किया है। हाल ही में, संजय दत्त अपने माता-पिता का पिंडदान करने के लिए बिहार के गया गए थे। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर जाने की अपनी योजना के बारे में बात की। इसके अलावा उन्होंने अपनी आगामी हॉरर कॉमेडी फिल्म द वर्जिन ट्री के बारे में भी जानकारी साझा की। संजय दत्त अपने माता-पिता के लिए पिंडदान अनुष्ठान करने के लिए दक्षिणी बिहार के गया शहर में थे। संजय ने अपने दिवंगत माता-पिता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान अभिनेता सफेद धोती और कुर्ता पहने नजर आए। अभिनेता ने अनुष्ठान करने के बाद, अपने फैंस के साथ बातचीत की, जो मंदिर परिसर के बाहर उनका इंतजार कर रहे थे। संजय दत्त ने मीडिया से बातचीत के दौरान उत्तरप्रदेश के अयोध्या में बन रहे भगवान राम के मंदिर के बारे में खुशी जाहिर की। जब अभिनेता से राम मंदिर के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मैं श्रीराम मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करना चाहूंगा। अभिनेता ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। उनके साथ ही प्रशंसकों ने भी जयकारे लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने अपनी आगामी हॉरर कॉमेडी फिल्म द वर्जिन ट्री के बारे में बात की। अभिनेता ने कहा, मैं इस फिल्म का हिस्सा होने पर बहुत खुश हूं। ये बिल्कुल वैसी ही स्क्रिप्ट है, जिसकी मुझे तलाश थी। फिल्म में कॉमेडी और हॉरर दोनों है। मैं दीपक मुकुट के साथ काम करने के लिए बहुत खुश हूं, उनके विचार मेरे सोच के साथ मेल खाते हैं। इस फिल्म के साथ, हम एक नए निर्देशक को एक नई दृष्टि के साथ लॉन्च कर रहे हैं। मैं फिल्म की शानदार शूटिंग की कामना करता हूं। संजय दत्त के वर्कफ्रंट की बात करें, तो अभिनेता साइंस-फिक्शन हॉरर कॉमेडी फिल्म द वर्जिन ट्री में दिखाई देंगे, जिसमें सनी सिंह, मौनी रॉय और पलक तिवारी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा अभिनेता अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, परेश रावल और दिशा पटानी के साथ वेलकम टू द जंगल भी में भी नजर आएंगी। वेलकम टू द जंगल 20 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।



भोपाल के बैरसिया इलाके की घटना...

## खेत से पैदल घर लौट रहे युवक को कार ने मारी टक्कर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बैरसिया इलाके में बीती रात एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे युवक को सामने से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय युवक खेत से घर लौट रहा था।

पुलिस के मुताबिक शकील खां (30) ग्राम झिकरिया खुर्द में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। शकील ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात करीब पौने नौ बजे वह झिकरिया जोड़ पर चाय पी रहे थे। उसी समय उनके चाचा का लड़का मुजीब खान (23) अपने खेत से पैदल घर लौट रहा था। इसी बीच विदिशा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार कार ने दामखेड़ा जोड़ के पास मुजीब को सामने से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची शकील ने लोगों की मदद से मुजीब को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया और बाद में थाने जाकर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है।

## बाइक फिसलने से युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बजरिया मुख्य सड़क पर बाइक फिसलने से एक युवक घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया था, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चरी में रखवा दिया था। आज पीएम के बाद शव पीएम के बाद सौंपा जाएगा। पुलिस के अनुसार अजय पिता अमर सिंह (20) रसूलिया पठार में रहता था और प्राइवेट काम करता था। बीती रात करीब 12ः30 बजे के आसपास वह काम से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान ग्राम बजरिया मुख्य सड़क पर उसकी बाइक फिसल गई। तेज रफ्तार में बाइक फिसलने के कारण उसे गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

भोपाल रातीबड़ इलाके की घटना...

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल



**भोपाल।** रातीबड़ इलाके में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक राजा अखरकर (18) शिवनगर फेस-3 नीलबड़ में रहता है और मजदूरी करता है। राजा ने पुलिस को बताया कि गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे वह अपने दोस्त राहुल सोलंकी के साथ उसकी बाइक पर बैठकर टाइल्स का काम करने जा रहा था। बाइक राहुल चला रहा था। दोनों जैसे ही डीपीएस स्कूल चौराहे पर पहुंचे, वैसे ही बरखेड़ी की तरफ से आ रही एक कार ने राहुल की बाइक को टक्कर मार दी। राजा तो बच गया, लेकिन राहुल को मुंह, दाहिने कान बाएं बायें हाथ पर गंभीर चोट आई और उसकी बाइक बी टूट गई। राहुल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने राजा की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### कुत्तों के झुंड द्वारा छह महीने के बच्चे को नोच-खाने का मामला

# एसडीएम की मौजूदगी में लाश कब्र से निकाली, पीएम के लिए भेजा



भोपाल, दोपहर मेट्रो

**मिनाल रेसीडेंसी के गेट नंबर 4 के पास कुत्तों के झुंड द्वारा छह महीने के मासूम को नोचकर खाने के मामले में अयोध्या नगर पुलिस ने आज शनिवार को एसडीएम की मौजूदगी में क्रब को खुदवाया। शनिवार सुबह पुलिस एसडीएम और आलाधिकारी मौके पर पहुंचे थे। मासूम की लाश कब्र से निकालने के बाद मर्चूरी भेज दी गई। शव परीक्षण के बाद पुलिस परिजन के साथ मिलकर मासूम को दौबारा दफन कराएगी।**

उल्लेखनीय है कि मूलतः गुना निवासी देवेन्द्र बाल्मीकी पिता अशोक वाल्मीकि, छावनी पठार में रहते हैं। वे पत्नी के साथ मजदूरी करते हैं। दंपती का काम फिलहाल मिनाल रेसीडेंसी में चल रहा है। वे दोनों यहां सफाईकर्मी बतौर काम कर रहे हैं। 10 जनवरी की सुबह दंपती अपने इकलौते छह महीने के बेटे को लेकर काम पर गए थे। सुबह करीब 11 बजे बच्चे को कंस्ट्रक्शन साइट के पास पत्नी ने खुले में सुला दिया और पति देवेन्द्र से कहा कि वह काम पर जा रही है बच्चे की देखरेख करना। इसी बीच देवेंद्र के पास काम आया और वह बच्चे को छोड़कर चले गए। करीब तीस मिनट बाद देवेंद्र काम से लौटे तो उन्हें बच्चा नहीं मिला। वह बच्चे की तलाश कर रहे थे। इसी बीच पत्नी भी आ गई। दंपती बच्चे की तलाश करते हुए गेट नंबर चार की तरफ पहुंच रहे थे। इसी बीच एक मजदूर ने बताया कि बच्चे को कुत्तों का झुंड उठाकर ले गया है। झुंड गेट नंबर चार के पास शिव नगर की तरफ झाड़ियों में गया है।

### दर्जन भर कुत्तों के बीच मिला मासूम

**दंपती** कुत्तों की गुर्रराने की आवाज सुनकर झाड़ियों में पहुंचे तो कुत्तों का झुंड मासूम बच्चे को नोच रहा था। किसी तरह दंपती ने कुत्तों के झुंड से बच्चे को छुड़ाया और निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। निजी अस्पताल में बच्चे की स्थिति देखकर बाहर से ही कह दिया गया कि बच्चे की मौत हो चुकी है।



### पुलिस की भूमिका संदिग्ध

घटना 10 जनवरी की सुबह की होने के बाद भी पुलिस ने मर्ग कायम करने में दो दिन लगा दिए गए। 11 जनवरी को पुलिस इस तरह की कोई सूचना नहीं होने की बात कह रही थी। जब मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा तो आनन-फानन में 12 जनवरी को मर्ग कायम कर लिया गया।

### शपथ पत्र मिलने के बाद किया मर्ग कायम

थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि घटना की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से लगी थी। बाद में पिता भी पहुंच गया था। उन्होंने मौके पर पुलिस भेजी और पड़ताल कराई। इस दौरान पिता देवेंद्र वाल्मीकि ने पुलिस से किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने की बात कहते हुए शपथ पत्र दिया है। शपथ पत्र मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। सूत्रों की माने तो देवेंद्र वाल्मीकि पर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा मामले को दबाने का दबाव बनाया गया?था। लिहाजा उन्होंने शपथ पत्र थाने को सौंप दिया। शपथ पत्र में लिखा था कि वे किसी तरह की कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

### बाइक की टक्कर से स्कूटर सवार पिता-पुत्र घायल

भोपाल। निशातपुरा इलाके में बाइक की टक्कर से स्कूटर सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। पुलिस ने टक्कर मारन`वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक ताहिर हुसैन (37) हाउसिंग बोर्ड कालोनी करोंद में रहते हैं और दुकान चलाते हैं। गुरुवार दोपहर करीब दो बजे वह अपने बेटे अरहम के साथ स्कूटर से सिंधी कालोनी की तरफ जा रहे थे। देवकी नगर ब्रिज के पास पहुंचे, तभी गौतम नगर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही स्कूटर सवार पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## थाने के सामने सरयू सरोवर पार्क में दसवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म



भोपाल, दोपहर मेट्रो

अयोध्या नगर थाने से चंद कदमों की दूरी परस्थित सरयू सरोवर पार्क में दसवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना गत 9 जनवरी की रात करीब आठ बजे के आसपा की बताई जा रही है। घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली 18 साल की युवती 10वीं कक्षा की छात्रा है। उसने पुलिस को बताया कि करीब 1 महीने पहले उसकी दोस्ती पड़ोस में रहने वाले युवक से हुई थी। दोनों में अच्छी दोस्ती थी। दिसंबर 2023 में दोस्त मारपीट के एक प्रकरण अयोध्यानगर थाने के लॉकअप में था। उससे मिलने के लिए थाने आई थी। इस दौरान उसकी पहचान दोस्त का एक अन्य दोस्त अरुण ठाकुर मिला। अरुण ने उससे मोबाइल नंबर मांगा था। इसके बाद एक-दो बार बातचीत भी हुई। 1 जनवरी की शाम करीब 4 बजे अरुण का युवती के पास कॉल आया। उसने कहा कि तुम्हारा दोस्त बाहर आ गया है। उससे मिलना है तो रात 8 बजे सरयू सरोवर पार्क पहुंच जाना। वह अरुण के बताए अनुसार, रात करीब 8 बजे पैदल पैदल सरयू सरोवर पार्क पहुंची, वहां अरुण मिला और कहने लगा कि त्रिमूर्ति के पास तुम्हारा दोस्त खड़ा हुआ है। शार्टकट चलों जल्दी पहुंच जाएगे। उसके कहने पर वह शार्टकट पार्क के अंदर चली गई। पार्क में ले जाने के बाद आरोपी ने जबरन उससे दुष्कर्म किया।

### शराबियों और आपराधिक गतिविधियों का अड्डा



यह वहीं सरयू सरोवर पार्क हैं, जहां अक्टूबर 2023 में 30 साल के महेन्द्र अहिरवार की चाकू गोदकर हत्या की गई थी। हत्या की वजह सिर्फ इतनी थी कि यहां शराबियों से उसकी कहासुनी हो गई थी। हत्या के बाद आरोपी उसका मोबाइल भी छीनकर ले गए थे।

## टॉयलेट क्लीनर पीने से महिला की मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाघ दिलकुशा में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। टॉयलेट क्लीनर पीने के कारण परिजन उन्हें हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। हमीदी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 35 साल की शकीला बी पति शाहिद खान, बाग उमराव दुर्गा में रहती थी। वह ग्रहणी थी। 31 दिसंबर की रात उन्होंने गलती से टॉयलेट क्लीनर पी लिया था। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शकीला बी के बयान दर्ज किए थे। बयान में शकीला बी ने बताया कि पानी समझकर उन्होंने टॉयलेट क्लीनर पी लिया था। शकीला बी का अस्पताल में इलाज चल रहा था। बीती रात करीब 10ः30 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।




फाइल फोटो

**मेट्रो एंकर** वाहन चालकों को यातायात के नियम मानने की अपील

## ट्रैफिक जागरूकता को लेकर चित्रकला स्पर्धा व मानव श्रृंखला का आयोजन

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भोपाल पुलिस द्वारा लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डीसीपी ट्रैफिक पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में स्कूली बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रकार रोशनपुरा चौराहे पर माय एफएम के सहयोग से मानव श्रृंखला बनाई गई।**



फाइल फोटो

### मोतीलाल नेहरू स्टेडियम

सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जागरूकता को लेकर यातायात पुलिस एवं स्कूल संस्थानों द्वारा यातायात विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 12 स्कूलों के कुल 196 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अभियान के समापन इन प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया जावेगा।

### रोशनपुरा चौराहा भोपाल

ट्रैफिक नियमों की जागरूकता को लेकर पुलिस और माय एफएम द्वारा संयुक्त रूप से रोशनपुरा चौराहे पर जागरूकता सेमीनार का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस और माय एफएम की टीम ने मानव श्रृंखला बनाकर चौराहे से गुजरने वाले वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों से अवगत कराते हुए उनका पालन करनी की अपील की गई। दोपहिया चलाते समय हेलमेट और चार पहिया चलाते समय सीटबेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने की अपील करते हुए लोगों को जागरूक किया गया।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022